Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 329 | मंगलवार, 02 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### 'समाज को एकजुट करने का लक्ष्य अभी अधूरा'

## 'मोदी बोलते हैं तो दुनिया सुनती है ये भारत की बढ़ती ताकत' : भागवत

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोलते हैं, तो दुनिया ध्यान से सुनती है, और यह भारत की बढ़ती शक्ति और वैश्विक मंच पर उभरते प्रभाव का प्रमाण है।

भारत की शक्ति अब वहां प्रकट हो रही है, जहां उसे होना चाहिए था। आरएसएस के शताब्दी समारोह में भागवत ने कहा कि शताब्दियों का इंतजार करने के बजाय कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट करने का लक्ष्य अभी अधूरा है और इस पर आत्ममंथन की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि इतिहास यह दशार्ता है कि भारत के उभरने से



वैश्विक विवादों में कमी आती है और शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। दुनिया की वर्तमान परिस्थिति भारत से नेतृत्व की अपेक्षा कर रही है, और इसलिए आरएसएस आरंभ से ही इस मिशन के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता और सामूहिकता ही भारत की शक्ति है, और समरसता के लिए धर्म आवश्यक है।

### गुटखा-पान मसाला पर कड़ा प्रहार!

**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादों पर सरकार का शिकंजा कसता जा रहा है, 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' के माध्यम से पान मसाला और गुटखा निमार्ताओं पर नई कर व्यवस्था लागू होगी, जिसका उद्देश्य रक्षा और जन स्वास्थ्य व्यय को पूरा करना है। यह उपकर उत्पादन की मात्रा के बजाय मशीन की क्षमता पर आधारित होगा, और एकत्र की गई राशि राष्ट्रीय सुरक्षा व जन स्वास्थ्य के लिए प्रयुक्त होगी। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया के दौरान तंबाकू से संबंधित वस्तुओं पर 'सीन टैक्स' लगाने के बाद, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पेश किया।

### काशी-तमिल संगमम 4.0

## तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र आज करेंगे शुभारंभ

**वाराणसी।**

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, सीएम योगी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र मंगलवार को काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ करेंगे। पुडुचेरी के उपराज्यपाल कैलासनाथन, तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री भी शामिल होंगे। काशी तमिल संगमम 4.0 का शुभारंभ मंगलवार को शाम चार बजे नमो घाट पर होगा। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलासनाथन इसका शुभारंभ करेंगे। तमिल करकलाम यानी तमिल सीखें की थीम पर आधारित इस आयोजन में तमिलनाडु से 1400 से अधिक प्रतिनिधि काशी पहुंच रहे हैं। काशी और तमिलनाडु के पारंपरिक कलाकार संयुक्त प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे। सोमवार की देर रात तमिलनाडु से अतिथियों की पहली ट्रेन बनारस स्टेशन पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने सभी का स्वागत किया। कमिश्नर एस राजलिंगम ने बताया कि काशी तमिल संगमम कार्यक्रम दो चरणों में 31 दिसंबर तक चलेगा। पहला चरण 2 से 15 दिसंबर तक काशी में और दूसरा चरण 16 से 31 दिसंबर तक चेन्नई में होगा।

## महाराष्ट्र में पहले चरण की वोटिंग आज

**मुंबई ।**



महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों का पहला चरण 2 दिसंबर को होने जा रहा है। इसमें 264 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की पहली बड़ी परीक्षा आज यानी दो दिसंबर को होने जा रही है। इसमें पूरे राज्य की नजर महायुति और महा विकास आघाड़ी की सीधी राजनीतिक भिड़ंत पर टिकी है। 264 नगर परिषदों और नगर पंचायतों में होने वाली वोटिंग को विधानसभा चुनावों के बाद जनता के मूड का अगला बड़ा संकेतक माना जा रहा है। लगभग एक वर्ष से लटके हुए इन चुनावों को लेकर राजनीतिक तापमान तेज है और दोनों गठबंधन पूरे दम-खम के साथ मैदान में हैं। पहले चरण में करीब एक करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। 2 दिसंबर को होने वाली वोटिंग 6,705 सदस्य पदों और 264 अध्यक्ष पदों का भविष्य तय करेगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से होगी और नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। हालांकि 24 स्थानीय निकायों में चुनाव स्थगित कर 20 दिसंबर को कराए जाएंगे, क्योंकि नामांकन की जांच में अनियमितताएं, अपीलों पर देर से आए निर्णय और चुनाव चिह्न आवंटन में खामियों के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने इन्हें रोक दिया। कई मामलों में उम्मीदवारों को नाम वापस लेने के लिए तय तीन दिन का समय भी नहीं मिला, जिसे आयोग ने नियमों के खिलाफ माना। यह चुनाव भाजपा नेतृत्व वाली महायुति जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी शामिल हैं और विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) जिसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार की एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा मानी जा रही है।

### दिल्ली वायु प्रदूषण पर एससी में सुनवाई



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि पराली जलाने के अलावा और कौन से कारक वायु प्रदूषण में वृद्धि में योगदान करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और संबंधित अधिकारियों को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए अपनी कार्ययोजना पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया ताकि यह देखा जा सके कि क्या इससे कोई प्रभावी बदलाव आया है। सीजेआई कांत ने कहा कि आप अपनी कार्ययोजना पर फिर से विचार क्यों नहीं करते ताकि खुद देख सकें कि क्या आपने कोई प्रभावी बदलाव लाए हैं? और अगर लाए हैं, तो क्या वे जरूरत से कम हैं? हमें लगता है कि यह मूल्यांकन करना जरूरी है कि आपकी कोई भी कार्ययोजना प्रभावी, अप्रभावी या कम प्रभावी साबित हुई है या नहीं। इस बारे में आपकी हिचकिचाहट या आत्मविश्वास के बावजूद कि क्या आप प्रभावी बदलाव ला पाएँगे, क्या कार्ययोजना पर फिर से विचार करना सही नहीं है?

### भाजपा अध्यक्ष की घोषणा जल्द! खरमास के बाद तेज होगी प्रक्रिया, तीन प्रमुख चेहरों पर दांव




**नई दिल्ली।** भाजपा को जल्द मिल सकता है नया राष्ट्रीय अध्यक्ष। जे.पी. नड्डा के कार्यकाल विस्तार के बीच, उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, शिवराज सिंह चौहान के नाम रेस में सबसे आगे हैं। बिहार में एनडीए की सफलता के बाद एक कैबिनेट मंत्री के नेतृत्व की अटकलें भी हैं। आरएसएस के साथ विचार-विमर्श जारी है, और जनवरी 2026 तक चुनाव संपन्न होने की उम्मीद है।

भाजपा में ऐसी अटकलें तेज हैं कि पार्टी के नए अध्यक्ष की घोषणा जल्द ही हो सकती है। बिहार में एनडीए की जदीत के बाद अटकलें तेज हैं कि राज्य में अहम भूमिका निभाने वाले एक कैबिनेट मंत्री, मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की जगह ले सकते हैं। हालाँकि, इस पद के लिए कुछ केंद्रीय मंत्रियों के नाम भी चर्चा में हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में संपन्न तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में आरएसएस के शीर्ष नेताओं के बीच इस मुद्दे पर विचार-विमर्श हुआ। सूत्रों के अनुसार, पिछले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय पाने वाले एक वरिष्ठ आरएसएस नेता को भी पार्टी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

## देशभर में 'राजभवन' अब कहलाएंगे 'लोकभवन', छोटे बदलावों से बड़ा संदेश

**नई दिल्ली।**

देश में शासन के प्रतीकों में एक शांत लेकिन गहरा बदलाव जारी है। उपनिवेशकालीन शाही ठिकानों की छवि लिए राज भवनों को धीरे-धीरे लोक भवन'' नाम दिया जा रहा है- यानी जनता का घर। यह सिर्फ नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सार्वजनिक पदों की भावना को पुनर्परिभाषित करने की व्यापक पहल का हिस्सा है। सत्ता की राह समझे जाने वाला 'राजपथ' 2022 में कर्तव्य पथ'' बन गया- एक संदेश कि शासन दिखावे का मंच नहीं, जिम्मेदारी का मार्ग है। इसी विचार के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने 2016 में सा, रेस कोर्स रोड छोड़कर लोक कल्याण मार्ग'' को अपना आधिकारिक आवास बनाया, यह संकेत देते हुए कि सर्वोच्च पद नागरिकों की सेवा के लिए है। भारत के प्रशासनिक केंद्र में अब सेंट्रल सेक्रेटेरिएट'' नहीं, बल्कि कर्तव्य भवन'' है- जहां अधिकारी शासन नहीं, सेवा की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प याद रखते हैं। नार्थ और



### छोटे बदलावों से मिल रहे बड़े संदेश

भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से गहरे देश में नाम बदलना सिर्फ औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिकता में बदलाव की शुरूआत है। जब इमारतें स्वागत का संदेश दें और सड़कें जिम्मेदारी का, तो शासन का स्वरूप भी जनकेंद्रित बनता है। भारत अपने लोकतंत्र को नई भाषा दे रहा है– जहां शक्ति नहीं, जनता केंद्र में है।

साउथ ब्लाक के नए परिसर को सेवा तीर्थ'' नाम दिया गया है, जिसे नीतिनिर्माण का पवित्र स्थल समझा जा रहा है ।सरकार के अनुसार यह बदलाव छवि निर्माण नहीं बल्कि शासन की सोच में परिवर्तन का प्रतीक है- सत्ता, नियंत्रण और दूरी के पुराने संकेतों को हटाकर सेवा, कर्तव्य और जवाबदेही को केंद्र में लाना।

## 35000 फीट तक उड़ान, 45 घंटों तक हवा में रहने में सक्षम, भारत आ रहे इजरायली ड्रोन से उड़ी पाक की नींद

**नई दिल्ली।**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रभावी हुए आपातकालीन नियमों के तहत भारत ने और इजरायली हेरान एमके-2 ड्रोन खरीदने की शुरूआत की है। इजरायली रक्षा उद्योग के सूत्रों के मुताबिक, इस अत्याधुनिक ड्रोन को भारत में बनाने पर भी बातचीत चल रही है। इस कदम से तकनीक के पूर्ण हस्तांतरण का रास्ता भी बन सकता है



और रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया की छाप गहरी हो सकती है। एक सूत्र ने बताया, ''सेना के तीनों अंगों ने एमके-2 खरीदने का फैसला किया है और हमें गर्व है कि नौसेना ने भी इसे खरीदने का फैसला किया है।'' सूत्र ने हालांकि यह बताने से इन्कार कर दिया कि नौसेना कितने ड्रोन खरीदने की योजना बना रही है। आइएआइ द्वारा विकसित हेरान एमके-2 एक मध्यम ऊंचाई व लंबी दूरी तक उड़ान भरने में सक्षम (एमएएलई) यूएवी है। यह अधिकतम 1,430 किलोग्राम भार के साथ 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है।

## यूपी में खौफनाक हादसा: भीषण टक्कर के बाद बस-ट्रक धधके ,तीन की मौत, 25 घायल

**बलरामपुर।** सोनौली से शहर होते हुए निजी बस फुलवरिया चौराहे पर दिल्ली जाने के लिए गोंडा की ओर बढ़ी थी। बस अभी पूरी तरह चौराहा से गुजर भी नहीं पाई थी, तभी दूसरी तरफ फुलवरिया ओवरब्रिज की ओर से आ रहा ट्रक सीधे बस के बीचोबीच टकरा गया। इससे बस भी सड़क से खिसककर किनारे लगे ट्रांसफार्मर से भी टकरा गई। ट्रांसफार्मर में बिजली के तारों के छूने से बस में आग लगी और फिर ट्रक में भी आग लग गई। बलरामपुर कोतवाली देहात क्षेत्र के फुलवरिया बाईपास पर मंगलवार भोर लगभग साढ़े चार बजे बड़ा हादसा हो गया। यात्रियों को सोनौली से दिल्ली लेकर आ रही निजी बस की भिड़ंत एक मालवाहक ट्रक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ ही क्षण में बस और ट्रक दोनों में आग भड़क उठी। घटना में तीन यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि 25 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस और दमकल टीम ने तुरंत पहुंचकर आग बुझाने तथा राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

**आग के बीच चीख-पुकार से गूंजा इलाका**



## संपादक की कलम से

# वंदे मातरम पर रोक क्यों?

स संसद का शीतकालीन सत्र आरंभ हो गया है। 19 दिसंबर तक जितनी भी बैठकें होंगी, उनमें हंगामा होता रहेगा, नारेबाजी भी की जाएगी, लेकिन संसदीय सौहार्द और सह–अस्तित्व दिखाई नहीं देगा। अब इस स्थिति पर चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह हमारी संसदीय संस्कृति बन चुकी है। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), उसके दबाव और तनाव, उसमें निहित


ललित शर्मा
संपादक

राजनीति, बीएलओ की आत्महत्याओं के सच पर चर्चा होनी चाहिए, क्योंकि यह राष्ट्रीय और मानवीय मुद्दा बन गया है। चुनाव आयोग की हड़बडियों और तानाशाह रवैये पर भी संसद के भीतर बहस होनी चाहिए। फिर प्रधानमंत्री या गृहमंत्री बहस में उठाए गए सवालों के जवाब दें। एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर विमर्श बेमानी भी है, क्योंकि सरकार ही स्पष्ट नहीं है कि देश में कितने घुसपैठिए हैं, कहां–कहां हैं, कौन घुसपैठिए हैं? सरकार के पास या तो कोई ठोस डाटा ही नहीं है अथवा वह देश को बताने में हिचक रही है? हमें इस संसद सत्र के संदर्भ में सबसे आपत्तिजनक, असंसदीय और असंवैधानिक यह लगता है कि राज्यसभा ने वंदे मातरम् और जयहिंद सरीखे शब्दों, नारों पर परामर्श जारी किया है। परोक्ष रूप से सांसद सदन के भीतर ये नारे न बोलें। इनके साथ बचाव की मुद्रा के लिए थैंक्स, थैंक यू आदि शब्दों पर भी परोक्ष रोक लगाई गई है। संसद के भीतर ऐसी पाबंदीनुमा व्यवस्था की नौबत ही क्यों आई? राज्यसभा सचिवालय का स्पष्टीकरण है कि ऐसा सदन की मयार्दा और गंभीरता के मद्देनजर करना पड़ा। दरअसल यह संवैधानिक उल्लंघन है, क्योंकि 1950 में संविधान सभा ने वंदे मातरम् को राष्ट्र–गीत के तौर पर स्वीकार किया था। आज भी मंत्रिमंडल का शपथ–ग्रहण हो अथवा संसद सत्र की कार्यवाही समाप्त होती है, तो सदन में वंदे मातरम् का गायन बजाया जाता है। यह दीगर है कि सपा के कुछ इस्लामी मानसिकता के सांसद वंदे मातरम् के दौरान ही बहिर्गमन कर जाते हैं। बेशक उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। दरअसल वंदे मातरम् और जयहिंद महज नारे ही नहीं हैं, बल्कि हमारी आजादी की लड़ाई, क्रांतियों, कुर्बानियों के उद्घोष भी हैं। कमोबेश इन उद्घोषों ने ऐसी स्वदेशी प्रेरणा फूंकी थी कि मदनलाल ढींगरा जैसे क्रांतिवीर वंदे मातरम् गाते–गाते फांसी के फंदे पर झूल गए थे। तिलक और गोखले सरीखे राष्ट्र–नायकों ने वंदे मातरम् का उद्घोष किया और आजादी के संघर्ष में कूद पड़े। बेशक बंगाल के प्रख्यात लेखक बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर, 1875 को इस गीत का सृजन किया, जो तत्कालीन बंग दर्शन पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। 1882 में बंकिम ने आनंद मठ उपन्यास में इसे संकलित किया। परम आदरणीय गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने 1896 में, कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन के दौरान, इस गीत को गाया। उसके बाद पूरे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत क्रांतिवीरों, सेनानियों के लिए उत्प्रेरक बना रहा। उन्हें संघर्ष का साहस दिया, मातृभूमि की चांदनी रात, फूलों की सुगंध, मलयज वायु और उस भारत माता की रक्षा का दायित्व याद दिलाता रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे मातरम् के कुल छह छंदों में से चार को काट देने पर आपत्ति जताई है और सवाल उठाया है।

# संसद को बाधित करना राष्ट्र को बाधित करना है


ललित गर्ग



भारत की संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है और इसके प्रारंभ होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने आने वाले दिनों में संसद की कार्रवाई के हंगामेदार होने का संकेत देने में देर नहीं लगाई। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह एस.आई.आर. सहित कई मुद्दों पर जोरदार ढंग से सदन में अपनी आवाज उठाएगा। विपक्ष संसद में सवाल उठाए, आवाज उठाए, यह उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन मुद्दा यह है कि क्या यह अधिकार सार्थक बहस के रूप में सामने आएगा या एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़कर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करेगा। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एस.आई.आर. है। लेकिन, सरकार और विपक्ष-दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम, शालीनता और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीतकालीन क19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्यॉरिटी एंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है।

निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षों से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे। वह सत्र देश के संसदीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले सत्रों में गिना गया, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31 प्रतिशत के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे। सवाल यह है कि आखिर यह परंपरा कब बदलेगी? कब हमारे जनप्रतिनिधि समझेंगे कि संसद का एक-एक मिनट देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई से चलता है? एक मिनट का व्यर्थ खर्च लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है। संसद केवल बहस का मंच नहीं बल्कि देश की नीतियों, कानूनों और विकास-दिशा को तय करने वाला सर्वोच्च स्थल है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों की सजगता, जवाबदेही और गरिमा है। इसलिए संसद का हर क्षण अर्थपूर्ण, कार्यकारी होना चाहिए, हर चर्चा राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने वाली होनी चाहिए और हर बहस शालीनता तथा परिपक्वता की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए।

सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिये सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित करना एक स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परम्परा एवं एक आशा की किरण है। इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले 36 दलों का एक साथ बैठक करना एक अच्छी शुरूआत है। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवाद और सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल है। देश यह उम्मीद कर सकता है कि यदि सदन का संचालन भी इसी सकारात्मक भावभूमि पर हुआ तो यह सत्र एक आदर्श परंपरा स्थापित कर सकता है। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, परंतु मनभेद अनिवार्य नहीं। संसद उन मनभेदों को संवाद में बदलने का पवित्र स्थान है। निश्चित ही विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है। इस सत्र से सरकार 14 महत्त्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। इन विधेयकों को पारित करवाना मात्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका है कि वह रचनात्मक सुझाव दे, आवश्यक संशोधन का आग्रह करे और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संवाद के माध्यम से कानूनों को दिशा दे। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों दो पहिये हैं, एक पहिया चिटक जाए तो रथ आगे नहीं बढ़ता। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद में एक नई लकीर खींची जाए-शालीनता की, संवैधानिक मयार्दाओं की, तर्कसंगत बहस की और राष्ट्रीय हित की। दुनिया भर के लोकतंत्रों में बहसें गरम होती हैं, लेकिन गरिमा नहीं टूटती। भारत में भी यह संस्कृति विकसित होनी चाहिए। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन वह हंगामे से नहीं बल्कि तथ्यपूर्ण तर्कों से हो। सवाल उठाने का अधिकार तभी सार्थक है जब उसके साथ उत्तर सुनने की तैयारी भी हो। पिछले कुछ सत्रों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि विपक्ष प्रश्न पूछता है लेकिन उत्तर सुनने का अवसर ही नहीं देता। यह लोकतंत्र की आत्मा का हनन है। संसद सिर्फ आवाज बुलंद करने का मंच नहीं, वह सुनने, समझने और समाधान खोजने का माध्यम है। दुर्भाग्य से, पिछले कुछ वर्षों में यह मंच पक्ष और विपक्ष की राजनीतिक लड़ाइयों का अखाड़ा बनता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार को भी विपक्ष के सवालों का सम्मानपूर्वक जवाब देना चाहिए, लेकिन विपक्ष को भी यह समझना होगा कि राजनीति निरंतर संघर्ष का नाम नहीं बल्कि संवाद की प्रक्रिया है।

देश की जनता बेहद उम्मीदों के साथ इस सत्र को देख रही है। महंगाई, रोजगार, सुरक्षा, विदेश नीति, सामाजिक सौहार्द, अर्थव्यवस्था, कृषि, शिक्षा और न्याय-ये सभी गंभीर मुद्दे हैं। जनता चाहती है कि उसके चुने हुए प्रतिनिधि इन मुद्दों पर ठोस बहस करें। यदि संसद हंगामों का अखाड़ा बन जाए, तो इन मुद्दों का समाधान कैसे निकलेगा? लोकतंत्र का वास्तविक मूल्य कानून में नहीं बल्कि उसके निर्बाध संचालन में है; यदि संचालन त्रुटिपूर्ण हो जाए, तो कानून भी अर्थहीन हो जाता है। संसद की गरिमा देश की गरिमा है। सांसद केवल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के वाहक हैं। उनकी भाषा, उनका आचरण और उनकी बहसें भविष्य की राजनीति का मार्ग तय करती हैं। यह चिंता का विषय है कि आज युवा पीढ़ी संसद के व्यवहार को लोकतंत्र का आदर्श नहीं, बल्कि अव्यवस्था का प्रतीक मानने लगी है। सदन की मयार्दा केवल स्पीकर या सभापति पर निर्भर नहीं, बल्कि सभी सांसदों के संयम एवं शालीनता पर निर्भर है। सभापति का सम्मान करना, नियमों का पालन करना, विषय पर रहने वाली बहस करना और असहमति में भी सभ्यता-शालीनता बनाए रखना-ये संसदीय चरित्र के मूल तत्व हैं। इनका पालन ही संसद की शुचिता को बनाए रख सकता है। यदि सरकार बहुमत के अहंकार में विपक्ष की उपेक्षा करती है तो यह गलत है; लेकिन यदि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका छोड़कर केवल अवरोध बन जाए तो यह भी लोकतंत्र के साथ अन्याय है। संसद तभी सफल होगी जब दोनों तरफ का आचरण सकारात्मक हो।

## मोनिका डागा
## 2025 को अलविदा
### कविता



अंग्रेजी साल का आखिरी महीना दिसंबर है सबसे जुदा,
कुछ दिनों में बस अब करेंगे हम यूँ 2025 को अलविदा,
जीवन के इस मोड़ पर यह साल कितने रंग संग लाया,
समय की दौड़ में कुछ ने बहुत खोया तो कुछ ने पाया ।

इस साल ने दहशत से ऑंखों में दिए ऑंसू हुए तन्हा,
संजोए कुछ नयनों में खुशी के ऑंसू बना खास लम्हा,
बड़ी–बड़ी चुनौतियों और मुश्किलों से भरा हुआ ये वर्ष,
बेहद कठिन वक्त और भारतवर्ष के लिए भीषण संघर्ष ।

सुखों–दुखों की यादों से लबरेज खट्टा–मीठा रहा साल ये,
कहीं उजडी.बस्तियॉ और कई सितारों को ग्रसा काल ने,
कहीं बाढ़ कहीं सूखा तो कहीं बिजली ने बरसाया कहर,
कहीं हवा हो गई जहरीली और धूँ–धूँ करते जले शहर ।

देश की जल थल नभ सैन्य शक्तियों ने आत्मबल दिया,
भारतवासियों को नई ऊर्जा शक्ति साहस से भर दिया,
2026 की महत्वपूर्ण योजनाओं का आगाज अब होगा,
₹आनंद₹ हौसलों से ख्वाबों का फिर से आमना–सामना होगा ।

विविधता में एकता के साथ हम चलेंगे एक दूजे के संग,
देंगे भारत को विकास और प्रगति के नए खूबसूरत रंग,
बीते साल की गलतियों से लेकर सबक बढ़ेंगे आगे हम,
प्यारा भारत व हर भारतवासी रहे खुशहाल हममें हैं दम ।

# कोचिंग निर्भरता को कम करने के लिए प्रमुख सुधार; जेईई मेन और नीट युजी ,कक्षा ग्यारह में शिफ्ट हो सकते हैं

निजी कोचिंग संस्थानों पर बढ़ते निर्भरता को संबोधित करने के लिए गठित एक केंद्रीय समिति शैक्षणिक दबाव को कम करने और स्कूल-आधारित शिक्षा के महत्व को बहाल करने के उद्देश्य से व्यापक सुधारों पर विचार कर रही है। 15 नवंबर को हुई बैठक के दौरान आयोजित चचाओं में प्रवेश परीक्षा और कोचिंग नियमों में संरचनात्मक परिवर्तनों का पता लगाया गया।

प्रतियोगिता परीक्षाएं कक्षा ग्यारह में आयोजित की जा सकती हैं जांच के तहत प्रमुख प्रस्तावों में से एक बारहवीं कक्षा तक इंतजार करने के बजाय, जेईई, नीट और सीयूईटी जैसे राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं को एक साल पहले आयोजित करने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, समिति मूल्यांकन कर रही है कि क्या जेईई, एनआईईटी और सीयूईटी जैसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाएं कक्षा ग्यारह में आयोजित की जा सकती हैं

पैनल का मानना है कि परीक्षा की समयरेखा को आगे बढ़ाने से बारहवीं कक्षा के साथ जुड़े तीव्र दबाव में कमी आ सकती है और छात्रों को अधिक लचीलापन मिल सकता है। अंतिम सिफारिश करने से पहले, समिति विभिन्न स्कूल बोर्डों में पाठ्यक्रम संरेखण की समीक्षा करने की योजना बना रही है। कई सदस्यों ने तर्क दिया कि पहले की खिड़की तनाव को कम करेगी और एक स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, अप्रैल और नवंबर में अस्थायी रूप से दो बार प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का विचार भी चर्चा की गई। कोचिंग कक्षाओं को 2-3 घंटे तक सीमित करें एक अन्य प्रमुख चर्चा बिंदु यह था कि छात्रों को कोचिंग संस्थानों में खर्च किए जाने वाले समय को सीमित करने की आवश्यकता थी। वर्तमान में, कई छात्र स्कूल के अलावा प्रतिदिन पांच से छह घंटे तक निजी कोचिंग में भाग लेते हैं। सदस्यों ने कल्याण और शैक्षणिक संतुलन में सुधार करने के लिए कोचिंग घंटों को सीमित करने का सुझाव दिया।


विजय गर्ग

प्रस्ताव में कहा गया है कि कोचिंग समय को प्रतिदिन अधिकतम दो से तीन घंटे तक सीमित किया जाना चाहिए, एक ऐसा कदम जिसके बारे में समिति का मानना है कि इससे बर्नआउट कम होगा और प्राथमिक शिक्षण स्रोत के रूप में स्कूल शिक्षा बहाल होगी। हाइब्रिड मूल्यांकन मोड का अन्वेषण करना बैठक में मिश्रित स्कोरिंग विधि बनाकर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए मूल्यांकन पैटर्न को संशोधित करने की संभावना पर भी विचार किया गया। प्रस्ताव एक प्रवेश प्रणाली की सिफारिश करता है जो बोर्ड परीक्षाओं और योग्यता-आधारित परीक्षणों दोनों में प्रदर्शन पर विचार करती है, जिससे कोचिंग पर निर्भरता कम हो जाती है। पैनल ने प्रवेश परीक्षाओं के लिए एजीएमए हाइब्रिड मूल्यांकन मॉडल पर चर्चा की जो बोर्ड अंक और योग्यता-आधारित परीक्षण दोनों को वेटेज देता है अधिकारियों का मानना है कि यह दृष्टिकोण आंतरिक मूल्यांकन को बढ़ावा दे सकता है,

कक्षा सीखने को मजबूत कर सकता है और वैचारिक समझ को प्रोत्साहित कर सकता है। स्कूल शिक्षा में प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करना परीक्षा सुधारों के अलावा, समिति ने कई गहरे जड़ वाली चुनौतियों को स्वीकार किया जो कोचिंग संस्कृति में वृद्धि करने में योगदान करते हैं बोर्डों के पार सिलेबस में बेमेल डमी स्कूलों का बढ़ता उपयोग कमजोर रचनात्मक मूल्यांकन शिक्षक प्रशिक्षण में अंतराल संरचित कैरियर मार्गदर्शन की कमी 15 नवंबर की बैठक से कार्य योजना के हिस्से के रूप में, एनसीईआरटी को सीबीएसई और राज्य बोर्डों के साथ मिलकर प्रतिस्पर्धी परीक्षा आवश्यकताओं के साथ कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं पाठ्यक्रम संरेखण की समीक्षा करने का काम सौंपा गया है। इसका उद्देश्य स्कूल शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के बीच शैक्षणिक असमानताओं को कम करना है। डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एजुकेशनल कॉलमिस्ट एमिनेंट एजुकेशनिस्ट स्ट्रीट कुर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# हवा में कैद सांसें, प्रदूषण महामारी से ज्यादा हानिकारक


संजीव ठाकुर

पर्यावरण प्रदूषण का चौतरफा प्रहार आज मानव सभ्यता के अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। प्रकृति के सुगठित संतुलन में जब अपशिष्ट तत्व अनियंत्रित रूप से मिलते हैं, तब वातावरण प्रदूषित होकर जीवन के लिए विष बन जाता है। प्रदूषण के कई आयाम हैं वायु, जल, भूमि, ध्वनि किन्तु वायु प्रदूषण इन सभी में सर्वाधिक घातक और संहारक सिद्ध हुआ है। यह मानव जीवन की सबसे मूलभूत आवश्यकता ह्लसाँसह्व को ही संकटग्रस्त कर रहा है। आकाश में तैरते सूक्ष्म प्रदूषण-कण, उद्योगों से निकलती जहरीली गैसें, वाहनों की धुएँ की लकीरें और मशीनों की निरंतर तपन इन सबने मिलकर हवा को एक अदृश्य हथियार बना दिया है, जो हर क्षण हमारे फेफड़ों को चीरने का काम कर रहा है। अब स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी एक दुर्लभ सौभाग्य लगने लगा है।वायु प्रदूषण केवल आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का संकट है। विश्व-स्तर पर हुए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि भारत में प्रदूषित वायु के कारण जीवन प्रत्याशा सामान्यतः 10 से 15 वर्ष तक घट सकती है। हमारा देश विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में गिना जा रहा है, जहाँ लगभग 40% जनसंख्या विषाक्त वायु की गिरफ्त में है। महानगर तो जैसे धुएँ की कैद बन चुके हैं–दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर और अनेक औद्योगिक नगर प्रदूषण के शिखर पर हैं, जहाँ बचपन, बुढ़ापा और रोगग्रस्त शरीर मृत्यु के सबसे बड़े जोखिम पर खड़े हैं। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियाँ रोजगार, शिक्षा और सामान्य पारिवारिक जीवन की गति को बाधित कर रही हैं। स्मॉग की मोटी चादर अब सुबह की ओस या शाम की धूप से अधिक दिखाई देने लगी है। सूर्य भी धुएँ की कोहरे में अपनी किरणों को खो बैठा है। कोविड-19 महामारी के दौरान स्थिति और भी भयावह रूप में सामने आई। फेफड़ों की शक्ति कमजोर कर चुकी प्रदूषित हवा ने वायरस के प्रहार को और घातक बना दिया।

जिन लोगों के फेफड़े प्रदूषण से पहले ही क्षतिग्रस्त थे, वे महामारी की चपेट में अधिक संख्या में जाने लगे। यह तथ्य एक भयानक चेतावनी की तरह है–भविष्य में किसी भी महामारी का सबसे बड़ा सहयोगी प्रदूषित हवा बन सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत की हवा में प्रदूषक सूक्ष्म कणों (ढट 2.5) की उपस्थिति स्वस्थ मानक से लगभग सात गुना अधिक पाई गई है। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए अलार्म बेल है क्योंकि यह प्रदूषण समान रूप से सबको अपने वश में लेता है; चाहे अमीर हो या गरीब, शहरी हो या ग्रामीण, वृद्ध हो या नवजात। विषैली हवा सीमाओं और वर्गों के बीच कोई भेदभाव नहीं करती वह सीधा फेफड़ों पर हमला करती है। प्रदूषण का विस्तार केवल वैज्ञानिक तथ्य नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक त्रासदी है, क्योंकि मनुष्य का प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहना चिरकालीन सत्य है। प्रकृति हमारी माता है, और हमने उसके असीम संसाधनों का उपयोग करते समय उसकी मयार्दा को भुला दिया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 बीएलओ का जिलाधिकारी आवास पर सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण भोज

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य समय से पूर्व पूर्ण करने वाले 10 बीएलओ को पूर्व में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था।

आज इसी क्रम में जिलाधिकारी आवास पर एक सौहार्दपूर्ण सम्मान-समारोह एवं पारिवारिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उत्कृष्ट बीएलओ को उनके परिजनों सहित विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बीएलओ एवं उनके परिजनों का आत्मीय स्वागत किया। भोजन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सभी बीएलओ को अपने हाथों से भोजन हेतु प्लेट प्रदान करना समारोह का अत्यंत भावनात्मक और स्मरणीय क्षण रहा। प्रशासन प्रमुख की इस आत्मीयता ने उपस्थित सभी लोगों को गहराई से प्रभावित किया। बीएलओ ने इसे अपने जीवन का एक विशेष और यादगार पल बताते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। इस अवसर पर एक बीएलओ अपने छोटे बच्चों के साथ उपस्थित थीं। बच्चों को देखकर जिलाधिकारी ने स्नेहपूर्वक चॉकलेट एवं खिलौने भेंट किए, जिससे परिवारजन अत्यंत प्रसन्न हुए और कार्यक्रम का वातावरण और अधिक सौहार्दपूर्ण एवं पारिवारिक हो गया। जिलाधिकारी ने भोजन के दौरान बीएलओ के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा आपकी कार्यशैली, निष्ठा और ईमानदारी जनपद के लिए प्रेरणादायक है। आशा है कि भविष्य में भी आप इसी गुणवत्ता और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उत्साहवर्धन और सम्मान-अभियान की सफलता की कुंजी जिलाधिकारी ने कहा यदि हम उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को समय-समय पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करते हैं, तो यह न केवल उनके सेवाभाव और समर्पण का सम्मान है, बल्कि प्रेरणा, ऊर्जा और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का लगभग 85 प्रतिशतकार्य पूर्ण हो चुका है तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ये बीएलओ अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे, जिससे अभियान की गति एवं गुणवत्ता में और अधिक वृद्धि होगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी बीएलओ ने सम्मान, प्रोत्साहन और आत्मीय आतिथ्य के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।

# रामपुर ट्रॉफी लीगल सीजन 2 क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

रामपुर। रामपुर ट्रॉफी लीगल सीजन 2 क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया यह टूनार्मेंट फैजान कारी सुभान हुसैन शाबू खान की याद में कराया जा रहा है जो अपने आप में बहुत अच्छे क्रिकेटर थे जो आज हम लोगों के बीच में नहीं है यह टूनार्मेंट (1 दिसंबर को चालू होकर 11 दिसंबर तक चलेगा) इस टूनार्मेंट का उद्घाटन चीफ गेस्ट रिजवान अली व उस्मान हुसैन ने फीता काटकर किया इस टूनार्मेंट में फाइनल में आने वाली टीम को टीवीएस राइडर बाइक वह सेकंड टीम को ई वी स्कूटी दी जाएगी इस टूनार्मेंट में 6 टीम में भाग ले रही है यह टूनार्मेंट फिजिकल स्टेडियम में हो रहा है इस टीम के ऑगेनाइजर आमिर कुरैशी व अदील मियॉं वह कमेटी मेंबर यासीन खान फरहान गुल ज्वाला सिंह फुरकान खान शाहनवाज राणा शप्पू खा आमिर सैफी आदि रहे।

# प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश शर्मा का 59 वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** बाजपुर निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व बिंदल पेपर डिस्टलरी हेड राजेश कुमार शर्मा का 59 वा जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाजपुर के प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश कुमार शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर राजेश कुमार शर्मा के 59 वे जन्मदिन को बड़े धूमधाम से केक काटकर मनाया गया।

बता दे कि राजेश कुमार शर्मा एक प्रतिष्ठित समाजसेवी और व्यवहार कुशल और मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी है। तथा निर्धन एवं गरीबो की निस्वार्थ सेवा करते रहते हैं। इस अवसर पर बाजपुर के प्रतिष्ठित समाज सेवी अरुण शर्मा, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के उदय पाल सिसोदिया, एसबीआई के ब्रांच मैनेजर अर्पित शर्मा, आयुष कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की ऐतिहासिक पहलः जनपद की सभी 85 पुलिस चैकियों का जीर्णोद्धार पूर्ण, वर्चुअल हुआ उद्घाटन

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं जनसुलभ बनाने की दिशा में सहारनपुर पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जनपद की सभी 85 पुलिस चैकियों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर लिया है। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आषीश तिवारी द्वारा इन सभी चैकियों का ऑनलाइन वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कहा कि यह प्रयास पुलिस-जन सहयोग और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

नवसंवर्धित चैकियों में बैठने की व्यवस्था, रिकॉर्ड रूम, डिजिटल सुविधाएं, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी सहित कई आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए एक विशेष पहल भी की गई। समाजसेवी महिलाओं, प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद की सभी जीर्णोद्धारित चैकियों का रिबन काटकर उद्घाटन कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आशीष तिवारी ने कहा कि पुलिस चैकियों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया। प्रत्येक चैकी में महिलाओं हेतु अलग हेल्प डेस्क स्थापित की गयी, जनता के लिए पुलिस पहुंच और सेवाएं होंगी अधिक सुगम की जायेगी, स्थानीय लोगों की सहभागिता से पुलिस-जन संबंध सुदृढ़ होंगे।

# ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप, मरीज की हालत बिगड़ी निजी अस्पताल पर कार्रवाई की मांग तेज

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** नगर के राजेबाबू रोड स्थित एक निजी अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। ऊंचागांव निवासी बीडी शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी पत्नी को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लक्ष्मी लाइफ लाइन में भर्ती कराया था, लेकिन ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक की भारी लापरवाही से उनकी पत्नी की पेशाब की नली कट गई। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने अपनी गलती छुपाने के लिए मरीज को बिना स्पष्ट जानकारी दिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में नोएडा के एक निजी अस्पताल में महिला का इलाज कराया जा रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। आजाद अधिकार सेना और परिजन दोनों ने संयुक्त रूप से अस्पताल संचालक और संबंधित चिकित्सक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मरीज की जान जोखिम में डालना किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है। संगठन के राष्ट्रीय संगठम मंत्री देवेंद्र सिंह राणा ने मांग की कि अस्पताल का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और चिकित्सक पर हत्या के प्रयास सहित कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया जाए।

# नरेश वत्स ने बीएलओ को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर :** बीएलओ देवेश कुमार को नरेश वत्स (एलआईसी अधिकारी) द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के लिए सम्मानित कर राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्य के लिए सराहना की।

चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं के विशेष गहन निरीक्षण कार्य बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। जो कि अत्यंत महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रहित मे है घर-घर जाकर दिन रात मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है एसआईआर के लिए कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों का सहयोग कर राष्ट्रहित में कार्य करें। हमारा सहयोग और अच्छा व्यवहार से कार्य समय से पूर्ण हो सकेगा।

# आगरा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तिथियां आगे बढ़ीं

**वेलकम इंडिया**



**आगरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर आयोग ने बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण चरणों की तिथियां सात दिन आगे बढ़ा दी हैं। अब गणना फार्म दाखिल करने और संबंधित कार्यों की समयसीमा चार दिसंबर की जगह 11 दिसंबर कर दी गई है। यह बदलाव आयोग के 27 अक्टूबर 2025 के पुराने आदेश को संशोधित करते हुए लागू किया गया है एसआईआर उत्तर प्रदेश के साथ ही 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल–में जारी है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन अब 11 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि रविवार को भी सभी परिषदीय विद्यालय में एसआईआर का कार्य बीएलओ करेंगे। अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बीएलओ ऑफ द डे जैसे प्रोत्साहन कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। नई अनुसूची के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 12 से 15 दिसंबर के बीच होगा, जबकि दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। सभी दावोंझआपत्तियों का निस्तारण सात फरवरी 2026 तक और मतदाता सूची की रिपोर्ट 10 फरवरी तक भेजनी होगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

# भागवत महा पुराण कथा में महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुरेन्द्रानंद गिरी महाराज पहुंचे हुआ स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**रामघाट/बुलन्दशहर/महाराजपुर** गांव में चल रही भागवत कथा में महाराज महामंडलेश्वर का भक्तों ने कथा व्यास छविले छैल बिहारी ने एवं मुख्य यजमान रवि कुमार ने किया भव्य स्वागत किया महाराज ने भी व्यास पीठ पर विराजमान छविले छैल बिहारी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया, महाराज डॉ सुरेन्द्रानंद गिरी ने भागवत कथा की वृंदावन महिमा बताई सत्संग महिमा बताई, सनातन धर्म संस्कृति को हिंदुत्व की पहचान बताया सभी भक्तों से महाराज जी ने कहा सभी अपने बच्चों को शिक्षा संस्कार अवश्य प्रदान करें आज देश को शिक्षित समाज की आवश्यकता है। कथा मंच से महामंडलेश्वर ने सभी को समानता से रहना समरसता मानवता प्रेम संगठित रहने के लिए कहा जिससे सभी हिन्दू सनातन धर्म भाई एक रहे 15 मिनट में महाराज ने बहुत सुंदर उदघोष किया जिससे सभी भक्त गण बहुत प्रसन्न हुए महाराज के साथ भूत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव बजरंगदल के कार्यकर्ता, नमामि गंगे के गंगा प्रहरी निखिल प्रजापति, रामू शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, गंगा समिति के सदस्य मोनू तिवारी जगत वशिष्ठ, कालू गोस्वामी, प्रदीप राजपूत, रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह थाना स्टाफ सहित मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर और पिकअप की भिड़ंत में दो घायल एक की मौत

शिकारपुर/बुलंदशहर/ सलेमपुर थाना क्षेत्र के कैलावन गांव के पास मेरठ – बदायूं हाईवे पर ट्रैक्टर और पिकअप की हुई भिड़ंत। जिसमें पिकअप में बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर–ट्रॉली में अनाज भरकर शिकारपुर की तरफ से बुलंदशहर जा रहा था तथा बुलंदशहर की तरफ से पिकअप घरेलू सामान भरकर शिकारपुर की तरफ आ रही थी। दोनों की आमने–सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें पिकअप सवार तीन लोगों के गंभीर चोटें आई थी। पुलिस की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई तथा दो लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# गन्ने का परिवहन करने वाला कोई भी वाहन बिना फिटनेस के सड़क पर नहीं चलना चाहिए : जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना मूल्य भुगतान एवं गन्ना ढुलाई में प्रयोग किये जा रहे वाहनों के नियमों के अनुसार संचालन से संबंधित चीनी मिल के प्रबंधकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी शुगर मिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ने का परिवहन करने वाले ट्रक व ट्रालों के पीछे रिफिलेक्टर के साटन का बड़ा लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाएं ताकि दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम में कोहरा के दृष्टिगत ट्रकों के पीछे और दोनों साइड में रिफिलेक्टर टेप भी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी चीनी मिल प्रबंधकों को सचेत करते हुए कहा कि गन्ने का परिवहन करने वाला कोई भी वाहन बिना फिटनेस की सड़क पर नहीं चलना चाहिए यदि चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस के कोई वाहन संचालित पाया जाता है तो वाहन स्वामी के साथ-साथ मिल प्रबंधक के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी चीनी मिल प्रबंधक मिल पर गान्ना लाने वाले किसानों के लिए सर्दी के दृष्टिगत अलाव की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शेड का बंदोबस्त तथा पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने शुगर मिल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ना परिवहन करने वाले वाहन चालकों के स्वास्थ्य एवं आंखों का परीक्षण करने के लिए समय-समय पर मेडिकल कैंपों का आयोजन करते रहें। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गन्ना भुगतान की समीक्षा करते हुए बिलाई शुगर मिल के प्रबंधक को कड़े निर्देश दिए कि अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाएं और वर्तमान गन्ना पैराई सत्र के अंतर्गत किसानों को गन्ना मूल्य के भुगतान में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत उत्पन्न न होने पाए तथा किसानों को उनके गन्ना मूल्य का भुगतान शत प्रतिशत रूप से समय पूर्वक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में केवल बिलाई शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों को समयपूर्वक गन्ना मूल्य भुगतान न होने के कारण जिला प्रशासन के सामने कठिनाईयां उत्पन्न होती हैं, यह स्थिति किसी भी अवस्था में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिजनौर एवं चांदपुर सहित सभी चीनी मिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ना मूल्य का भुगतान करने मैं अनावश्यक रूप से विलंब न करें और प्राथमिकता के आधार पर किसानों को उनके गन्ना मूल्य का यथाशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर में जिला गन्ना अधिकारी एन पी सिंह सहित जिले में स्थापित सभी चीनी मिलों के अधिकारी प्रबंधक मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से रिजर्व पुलिस लाईन

# संतकबीरनगर में किया यातायात जागरूकता माह का भव्य समापन समारोह

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सोमवार को यातायात माह नवंबर-2025 के समापन समारोह के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के छात्र / छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक कार्यकर्ताओ, संभ्रांत नागरिकों, पत्रकार बन्धुओं और पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी / कर्मचारीगण आदि को सदैव यातायात नियमों का पालने करने हेतु प्रेरित किया । इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने प्रेरक सम्बोधन में कहा कि सड़क पर नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है, गति अधिक होने, लापरवाही और हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएँ होती हैं, जो परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं ।जीवन अमूल्य है, और सड़क पर जिम्मेदारी ही सुरक्षा का आधार है । सुरक्षित यातायात केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद में विशेष अभियान, हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और सड़क सुरक्षा रैलियां निरन्तर आयोजित की गयी ।उन्होने कहा कि पुलिस का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ह्लसड़क सुरक्षा तभी सफल होगी जब नागरिक स्वयं नियमों को अपनी आदत बनाएंगे और दूसरों को भी यातायात नियमों के बारे में प्रेरित करेंगे। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियम राजशेखर पाण्डेय, प्रभारी यातायात परमहंस सहित अन्य पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया ।एन0सी0सी0 तथा स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा किये गये यातायात जनजागरूकता रैली की सराहना करते हुए समस्त छात्रों को प्रतिभाग हेतु प्रमाण पत्र दिया गया ।इस दौरान यातायात माह के दौरान यातायात कार्य में सराहनीय कार्य करने वाले विभिन्न स्कूलों के प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया ।

## पड़ोसी पर दुष्कर्म का आरोप, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी

**कांधला।** रहमानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पड़ोसी युवक पर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए दोबारा से संबंध नहीं बनने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने सोमवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस के युवक के साथ पीड़िता की दो वर्ष पूर्व दोस्ती हुई थी।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी कई महा पूर्व उसे बागपत के कस्बा बडौत के होटल में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर अपने मोबाइल के कमरे में कैद कर लिया। आरोप है कि उसके बाद से आरोपी युवक लगातार उसे ब्लैकमेल करते हुए वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता रहा और दुष्कर्म करता रहा।पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी आरोप है कि वह अपने घर के बाहर नल से पानी भर रही थी।

## विभाग ने डूंगरा माइनर पर लगभग 6.50 लाख की लागत से 5 मीटर चौड़ा पुल किया स्वीकृत



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर मंडल अध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा सिंचाई विभाग से किए गए प्रयास व मीडिया के सहयोग से दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली तोली,श्योरामपुर, रोरा, मलकपुर, जिरौली संपर्क मार्ग में सिंचाई विभाग ने डूंगरा माइनर पर लगभग 6.50 लाख की लागत से 5 मीटर चौड़ा पुल किया स्वीकृत।सोमवार को काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त डूंगरा माइनर की टेल व पुलिया पर दुर्घटना होने व किसानों के गन्ना व अन्य वाहनों को आ रही दिक्कत को लेकर पिछले काफी लंबे समय से सिंचाई विभाग से मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ व जिला कोऑर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा श्योरामपुर पुल निर्माण की मांग की जा रही थी इसके प्रदर्शन की खबरें समाचार पत्रों में भी विस्तार से प्रकाशित हुई थी जिस पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग द्वारा पुल निर्माण को लगभग 6.50 लाख की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई हें इसके बनने से जिरौली, तोली संपर्क मार्ग में पढ़ने वाले दर्जनों गांव के किसानों को राहगीरों व व्यापारियों को लाभ होगा व पुल निर्माण के समय ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा विभाग से गुणवत्ता युक्त निर्माण कराई जाने की मांग की है।

## ऑनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यों के विरोध में सचिवों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

वेलकम इंडिया



**पहासू (बुलंदशहर) :** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, विकास खण्ड पहासू ने ऑनलाइन उपस्थिति (ऋफर) प्रणाली और सचिवों से कराए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत कर दी है।समिति के आह्वान पर 01 दिसम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक सभी सचिव काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 05 दिसम्बर 2025 को सचिव धरना देंगे और ज्ञापन प्रेषित करेंगे। इसी दिन जनपद के सभी सहकारी व्हाट्सएप समूहों से सभी सचिव सामूहिक रूप से बाहर हो जाएंगे। आंदोलन के अगले चरण में 10 दिसम्बर 2025 से सचिव निजी वाहन का प्रयोग बंद करेंगे, जबकि 15 दिसम्बर 2025 को अपने-अपने डोंगल ब्लॉक मुख्यालय पर जमा करेंगे। इस मौके पर अभिलाष कुमार, मोनू कुमार, पम्मी सिंह, अभिमन्यु पांडेय, नितिन कुमार, मोहित भूषण, कृष्णपाल सिंह, निपेंद्र कुमार, विपुल शर्मा, लाखन सिंह, दीपक सिंह, विनोद कुमार और आजाद शाह सहित सभी सचिव उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में ज्वेलर्स व्यापारी की मौत परिवार मे मचा कोहराम





वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के कस्बा एलम बाईपास मार्ग पर देर रात्रि दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, पल्सर बाइक सवार ज्वेलर्स व्यापारी की मौके पर ही दर्दनाक है मौत हो गई।हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए भेज दिया ? पुलिस अन्य बाइक चालक की तलाश में जुटी हुई है। कस्बा कैराना निवासी 40 वर्षीय ज्वेलर्स व्यापारी विकास पुत्र ओमप्रकाश अपनी पल्सर बाइक पर सवार होकर देर रात्रि किसी कार्य से थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आया हुआ था।बाइक सवार व्यापारी जैसे ही क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक से टक्कर हो गई ।पल्सर बाइक सवार व्यापारी जमीन पर जा गिरा और मौके पर ही तोड़ दिया।हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक व्यक्ति की जेब में मिले आधार कार्ड से पहचान कर जानकारी परिजनों को दी। मौके पर व्यापारी के परिजन भी पहुंच गए और शव को देखकर कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अन्य बाइक चालक अपनी क्षतिग्रस्त बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया ।पुलिस ने क्षतिग्रस्त हरियाणा नंबर की बाइक कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है ।मृतक व्यापारी के भाई अमित ने बाइक नंबर के आधार पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है। अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर रेंजर्स विभाग द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने आकर्षक और ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जैनब, द्वितीय स्थान महक, तृतीय स्थान साहिबा ने प्राप्त किया ।प्रतियोगिता का सफल संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया ।इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना, मिशन शक्ति फेज-5 एवं रेंजर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गृह विज्ञान प्रभारी सीमा सिंह ने छात्राओं को लिंग हिंसा एवं भेदभावह्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंसा एक वैश्विक समस्या है, जिसे खत्म करने के लिए महिलाओं को सशक्त और जागरूक होना आवश्यक है। मानसिक, शारीरिक और यौन उत्पीड़न सभी हिंसा के रूप हैं, जिनसे निपटने के लिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहना होगा और उचित परामर्श लेना होगा ।कार्यक्रम में डॉ. श्याम बाबू एवं डॉ. अंकिता त्यागी भी उपस्थित रहे।

## तीन भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी नहीं होने पर भय का माहौल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में तीन दिन पूर्व स्मैक तस्कर के द्वारा अपने भाइयों के साथ मिलकर किए गए ग्रामीण के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर तीन नामजद एक अज्ञात के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है तीन दिन बीत जाने पर भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी इमरान पुत्र इरशाद को कैराना पुलिस ने लगभग एक माह पूर्व मादक पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया था।जमानत पर आने के बाद आरोपी फिर से गांव गढ़ी दौलत में स्मैक तस्करी कर रहा है।आरोपी तस्कर को शक है कि पड़ोसी मेहरबान पुत्र लियाकत ने पुलिस से स्मैक तस्करी की मुखबरि की है।शक के आधार पर आरोपी ने विगत शनिवार की देर शाम घर पर बैठे पीड़ित ग्रामीण पर आरोपी तस्कर ने अपने भाई इशरान एवं इमलाक सहित अज्ञात के साथ मिलकर धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया था।

## आनलाईन हाजरी आदेश के विरोध में काली पट्टी बांध कर जताया विरोध



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** ब्लाक मुख्यालय लखावटी पर ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारीयों ने बाजूओं पर काली पट्टी बांध कर आन लाइन हाजिरी लगाये जाने के सरकारी आदेश पर गहरा रोष जताया। उनका कहना है कि आदेश भेदभाव आधारित है। आन लाइन हाजरी का आदेश सभी सम स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों पर बिना किसी विभाग भेदभाव किए लागू किया जाना चाहिए अकेले ग्राम पंचायत व ग्राम विकास विभाग पर ही क्यों ?

ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर सोमवार को ब्लॉक लखावटी मुख्यालय पर सभी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम्य विकास सचिवों ने काली पट्टी बांध कर काम करना शुरू किया। समिति प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह के आवाहन पर यह विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है जो कि पांच दिसंबर तक चलेगा। उसके बाद ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा और अधिकारियों को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया जायेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आन लाइन हाजिरी का आदेश उनके स्तर के सभी अधिकारियों कर्मचारियों पर समान रूप से लागू किया जाये तभी यह आदेश स्वीकार्य होगा। पांच दिसंबर के बाद सभी निजी वाहन प्रयोग नहीं करेंगे और पंद्रह दिसंबर से कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जायेगी।

इस अवसर पर राजवीर सिंह विभोर मलिक सुमित प्रताप सिंह अंकित सैनी जयंत चौधरी अतुल कुमार गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

## पति सहित ससुरालियों ने विवाहिता के साथ की मारपीट

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव डुन्डूखेडा निवासी एक विवाहिता के साथ पति सहित ससुराल के लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर घर से निकाल दिया पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस जांच में जुटी हुई है।सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा निवासी महिला विन्धया, पत्नी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि उसका पति एवं ससुराल वाले आए दिन मामूली कहासुनी एवं पीड़िता को छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करते रहते हैं। आरोप है कि सोमवार को पति सहित ससुराल के कई लोगों ने मिलकर पीड़िता के साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया और धक्के देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पति सहित कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की छानबीन ने शुरू कर दी है।

## न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत दिन सोमवार को विकास खंड जहांगीराबाद की न्याय पंचायत ककरई की खेलकूद प्रतियोगिता ग्राम भौपुर स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई।खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद के चेयरमैन किशनपाल लोधी ने फीता काटकर किया। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओ में दौड़, कब्बड्डी, खो-खो आदि का बालक/बालिका वर्ग में आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राजकमल एवं माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजित प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी 100 मीटर बालक दौड़ में आशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।उसी क्रम में 100 मीटर की बालिका दौड़ में वंदना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक दौड़ में सचिन एवं 200 मीटर बालिका दौड़ में शालू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग कबड्डी में ककरई की टीम विजेता तथा करैथा की टीम उपविजेता रही। आयोजित प्रतियोगिता के अवसर पर राजकीय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य विवेकानंद डे, बीजेपी मंडल अध्यक्ष कैलाश सैनी, वेदप्रकाश उर्फ विष्णु बाबा, संतोष लोधी, राम अवतार, विनोद सैनी, गोपाल बंसल, दिनेश राघव, मोहित लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड राज्य के लिए गली-गली, पांव-पांव यात्रा की शुरूआत

वेलकम इंडिया



**झांसी।** पृथक बुंदेलखंड राज्य आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड क्रांति दल द्वारा ह्लगली-गली, पांव-पांवह्व कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 01 दिसम्बर 2025 (सोमवार) को किया गया।इस अवसर पर आयोजित पदयात्रा का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने किया।

पदयात्रा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे पंचकुइया मंदिर, झांसी से हुआ। प्रारंभ से पूर्व आयोजित सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लबुंदेलखंड के विकास के लिए पृथक राज्य आवश्यक है।जब तक बुंदेलखंड को उसका अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक यहां के युवाओं, किसानों और आम जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता।स्वतंत्र राज्य ही बुंदेलखंड के भविष्य को सुरक्षित करने का मार्ग है। सभा में अन्य वक्ताओं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरी नारायण श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव मो. नईम मंसूरी, छात्र क्रांति दल के अध्यक्ष राजू वंशकार, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अरविंद सिसोदिया, जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा शर्मा, नगर अध्यक्ष रेखा साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बुंदेलखंड की दशकों पुरानी उपेक्षा को दूर करने का एक ही उपाय है—पृथक बुंदेलखंड राज्य का गठन। उन्होंने जनता से इस आंदोलन को व्यापक समर्थन देने की अपील की। इसके बाद पदयात्रा पंचकुइया मंदिर से आगे बढ़ी और बजरिया गणेश मंदिर, नारियां बाजार, बिसाती बाजार, बड़ा बाजार, मालिनों का चौराहा, मानिक चौक, सिंधी तिराहा, कोतवाली होते हुए पुनः पंचकुइया मंदिर पर संपन्न हुई।

यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने ह्यजय जय बुंदेलखंड ₹बुंदेलखंड तो लेंगे लेंगे ₹ के नारों से माहौल को पूरे समय उत्साहपूर्ण बनाए रखा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह, गुलाब सिंह चौहान, मो. आरिफ कमाल, श्रीमती सुमन गौर, श्रीमती मुन्नी अहिरवार, निशा गौर, प्रमोद सिंह शेखावत, प्रफुल्ल शर्मा, जगदीश विश्वकर्मा, पप्पू श्रीवास, अफसर अली, राम प्रसाद धानुक, अनवार अहमद मंसूरी, जुबेर खान, बाबू राम अहिरवार, हरि शंकर शर्मा, मो. सुहेल, दुर्गा प्रसाद, ब्रिज किशोर वर्मा, ताहिर हुसैन, शेखअरशद, सुनील पुरोहित, देवेंद्र सेंगर, दीपक परिहार, शंकर तिवारी, छोटू खान, शमशुद्दीन राईन , मो. जावेद , , जामिन हुसैन,महेंद्र सिंह, बाबू लाल कुशवाहा , क्रांति कुमार कुशवाहा, आयुष तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। राष्ट्रीय महासचिव मो. नईम मंसूरी ने सभी का आभार व्यक्त किया !

# रविवार पश्चिम विहार स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में आयोजित हसो दिल्ली, हास्य योग शिविर

एहसान अंसारी




नई दिल्लीः 30 नवंबर (रविवार)। पश्चिम विहार स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में आयोजित हसो दिल्ली हास्य योग शिविर में अंतर्राष्ट्रीय हास्य गुरु जितेन कोही ने हजारों लोगों को ठहाकों के बीच स्वास्थ्य लाभ कराते हुए अनोखे तरीके से योगाभ्यास करवाया। पूरे शिविर में उपस्थित जनसमूह लगातार हँसी से लोटपोट होता रहा और सकारात्मक ऊर्जा से पूरा वातावरण गूंज उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शकूर बस्ती के माननीय विधायक करनैल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि ॒यदि हम हास्य योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बना लें तो हमारे स्वास्थ्य लाभ में आश्चर्यजनक सुधार होगा, इन्शुरन्स क्लेम में कमी आएगी और राष्ट्र-निर्माण में भी हमारी भागीदारी मजबूत होगी ॥ उन्होंने ऐसे आयोजन देशभर में नियमित रूप से होने की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर के पश्चात जीअग्नोसिस लैब एवं थाइरोकेयर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। प्रतिभागियों ने बिहार के पारंपरिक व्यंजन लिट्टी-चोखा का भी स्वाद लेकर आयोजन को और यादगार बना दिया। कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों और संस्थाओं से जुड़े बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख रूप से– गृह मंत्रालय से डिप्टी सेक्रेटरी श्री मधुकर पांडेय, गाँधी स्मृति सदन, राजघाट के डायरेक्टर श्री संजीत कुमार, ऊर्जा मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर श्री शत्रुघ्न मिजो, रेल मंत्रालय से चीफ इंजीनियर डॉ. आलोक कुमार, डीडीए के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर श्री के. के. बंसल, अन्न उत्सव परिवार के फाउंडर श्री विमल गोयल, फिल्म डायरेक्टर श्री हिमांशु, एम्स के डॉ. राजीव, डिप्टी कमांडेंट राकेश निखज के साथ अन्य कई विशिष्ट व्यक्तित्व शामिल रहे। विदित हो कि इस अवसर समस्त योगाचार्यों को विधायक श्री करनैल सिंह ने सम्मानित किया। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य और हास्य का संगम बना, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सकारात्मकता का संदेश देने में भी सफल रहा।

# नवम्बर माह - 2025 में सतर्कता पूर्वक उत्कृष्ट कार्य हेतु कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार* प्रदान किया गया



वेलकम इंडिया

झांसी ! मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार द्वारा मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में झाँसी मंडल पर कार्यरत कर्मचारियों को नवम्बर माह के दौरान उनके सतर्कता पूर्वक उत्कृष्ट कार्य हेतु संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री अनिरुद्ध कुमार जी ने कहा कि रेल संचालन एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसमें सतर्कता और त्वरित निर्णय अत्यधिक महत्वपूर्ण है। समय-समय पर ऐसे कर्मचारियों को सम्मानित करना न केवल उनके कार्य की सराहना है बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करता है। इस क्रम में मंडल के अधीन कार्यरत निम्नलिखित कर्मचारियों को आज संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की कि भविष्य में भी वे सतर्कता, जिम्मेदारी एवं उत्कृष्ट कार्य करने में अपना योगदान देते रहेंगे। संरक्षा पुरस्कार के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजिनीयर (समन्वय) श्री आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री जे संजय कुमार तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री गिरीश कंचन उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग तेज, सांसद कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन



वेलकम इंडिया

झांसी। बुंदेलखंड राज्य गठन की मांग को लेकर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को झांसीझललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा के कार्यालय पहुंचा और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय बुंदेलखंडी के आवाहन पर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से कहा कि संसद के आगामी शीत सत्र में बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने की मांग को मजबूती से उठाया जाए। ज्ञापन में क्षेत्र के लम्बे समय से चले आ रहे जल संकट, बेरोजगारी, पलायन और विकास कार्यों की उपेक्षा जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल अलग राज्य के गठन से ही संभव है। ज्ञापन सौंपते समय क्षेत्रीय संयोजक राजू बुक सेलर, अंकुर दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री ज्ञानेश्वर कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी सांसदों को भी दिए जा रहे ज्ञापन समिति ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी सांसदों को क्रमवार ज्ञापन सौंपा जा रहा है, जिसमें उनसे शीत सत्र में राज्य निर्माण का मुद्दा उठाने की अपील की गई है। समिति का कहना है कि जनभावना बुंदेलखंड राज्य के पक्ष में है, और अब नेताओं को स्पष्ट राजनीतिक कदम उठाने चाहिए।

आंदोलन होगा और तेज

समिति ने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में यह आंदोलन और गति पकड़ेगा। कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों से लगातार संवाद कर समर्थन जुटाएंगे, ताकि बुंदेलखंड की आवाज दिल्ली तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

### भारतीय दर्शन को अपनाएं युवा : डा. तिवारी



वेलकम इंडिया

गरुड़। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेड रिबन क्लब के संयोजक डा. अवधेश तिवारी ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स के कारण, प्रसार, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एड्स की बचाव में जानकारी ही सबसे बड़ा माध्यम है। गोष्ठी में इतिहास विभाग के डा. दिवाकर टम्टा ने एचआईवी एड्स की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1988 में पहली बार एड्स दिवस मनाया गया। भारत में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की स्थापना वर्ष 1992 में हुई। जिसका उद्देश्य जागरूकता फैलाना था। हिंदी विभाग की डा. प्रियंका यादव ने विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम पर बात की। उन्होंने कहा की एड्स से जुड़ी शर्म, डर और सामाजिक दूरी खत्म करने की आवश्यकता है। राजनीति विज्ञान के डा. शिवप्रकाश राय ने कहा कि समस्त व्यक्तियों को भारतीय आदर्शों के अनुरूप जीवन व्यतीत करने की आवश्यकता है। एड्स पाश्चात्य शैली की देन है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर धीरेंद्र नाथ तिवारी ने युवाओं को भारतीय आदर्श को अपनाने की सलाह दी तथा युवाओं को एचआईवी एड्स के कारणों के बारे में भी बताया। गोष्ठी में अंजली राणा हर्षिता पंत, गुंजन जोशी, मुकेश कुमार, पूजा शाह, अंकित पांडे, गायत्री आदि छात्र-छात्राओं ने भी ने अपने विचार रखे। इस दौरान डा. श्वेता पंत, उर्वशी टम्टा आदि मौजूद थे।

# डीएम एसएसपी ने ली यातायात व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



मथुरा। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने यातायात व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक ली। यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बैठक में नगर निगम, मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी विभाग यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए समन्वित कार्य-योजना तैयार करें तथा आवश्यकतानुसार अपने-अपने स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया:यातायात प्रबंधन हेतु विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया जाए। सड़क सुधार, अवैध अतिक्रमण निराकरण, संकेतक बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था तथा पार्किंग व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुव्यवस्थित किया जाए।त्योहारों एवं भीड़भाड़ वाले दिनों में विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जाएँ। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन जनहित से सीधे जुड़ा है, सभी विभाग समयबद्ध एवं जिम्मेदाराना ढंग से अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार हेतु व्यापक कार्ययोजना तैयार करें तथा जनहित में आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुधार, अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संकेतों तथा प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष यातायात प्रबंधन लागू किया जाए तथा त्यौहारों एवं विशेष अवसरों पर वैकल्पिक मार्ग एवं पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। बैठक में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण अधिशासी अभियंता प्रशांत कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश राजपूत, प्रशासन नीतू सिंह, एआरएम रोडवेज मदन शर्मा आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सवः राष्ट्रप्रेम, सद्भावना और प्रतिभा का अद्भुत संगम

वेलकम इंडिया फतेह खान

रुदौली अयोध्या राष्ट्र प्रेम और आपसी सदभावना से ओत प्रोत था डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव, यहां के बच्चों की प्रतिभा को देखकर बहुत प्रभावित, हुआ, यह उदगार क्षेत्रीय विधायक राम चंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कही उन्होंने कहा बच्चे देश का भविष्य होते है उनमें प्रारंभ से ही वैज्ञानिक सोच उत्पन्न कराना हमारा कर्तव्य है, उन्होंने मानसिक स्वास्थ पर एक लघु पुस्तक का विमोचन भी किया, सम्मानित अतिथि के रूप पधारे लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आर सी मिश्रा ने कहा सभी कार्यक्रम किसी ना किसी थीम पर आधारित हैं, यही इसकी विशेषता है, उन्होंने स्कूल में एक डिजिटल बोर्ड लगवाने का आश्वासन भी दिया।, मानसिक स्वास्थ पर आधारित एक सच्ची कहानी,, मोबाइल का दुरूपयोग, पहलगाम की आतंकी घटना, अहमदाबाद का प्लेन क्रैश, योग , सूफी डांस, पांच तत्व, शिव तांडव, स्पोर्ट्स थीम पर आधारित नृत्य, नारी सशक्तिकरण ,रामायण और शेक्सपियर नाटक को लोगो ने खूब सराहा। स्कूल के चेयरमैन डॉ नेहाल रजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है और लोगों में ज्ञान बांटना एक ईश्वरीय कार्य है , प्रधानाचार्य डॉ भावना मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा आप हमें कोमल बच्चे दीजिए हम उन्हें एक ज्ञानी, प्रतिभाशाली और मजबूत नागरिक बनाकर आपको वापस करेंगे । कार्यक्रम में स्कूल की चीफ एडवाइजर हुमा नेहाल , लखनऊ से पधारे लायन एच एन सिंह , लालजी वर्मा , लायन अनिल खरे, डॉ वासिफ रजा, डॉ असना नकवी, डॉ शाजिया जैदी, जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य, आशीष शर्मा तथा हजारों की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# यशराज की कविता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक में प्रकाशित, विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र और मेडल से सम्मानित

वेलकम इंडिया



पटनाः बांका जिला के ढाकामोड़ कदरापथार (पंचायत तेलिया) निवासी 17 वर्षीय उभरते युवा साहित्यकार यश राज, पिता सतीश कुमार यादव एवं माता प्रियंका कुमारी, ने साहित्य जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यश राज की कविता प्रतिष्ठित इ॒४ी र३१ ढ४ुॗ३ङ्ग्ल्ल द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय संकलन ॒छी३३ी१ क ठी५ी१ रील्ल३ झ श्ङ्ग॒४ी 1॒ में शामिल की गई है।यश राज को उत्कृष्ट रचनात्मक लेखन, साहित्यिक योगदान और गुणवत्तापूर्ण अभिव्यक्ति के लिए विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र और मेडल से भी सम्मानित किया गया है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जानकारी के मुताबिक यश बचपन से ही कविता और लेखन में विशेष रुचि रखते हैं। उनकी रचनाएँ सामाजिक भावनाओं, संवेदनाओं और जीवन के अनुभवों को सहज एवं प्रभावी रूप में प्रस्तुत करती हैं। प्रकाशन संस्था ने उनकी लेखनी की गुणवत्ता को देखते हुए उन्हें संकलन में स्थान दिया है।अपनी इस उपलब्धि पर यश राज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुस्तक में कविता प्रकाशित होना और विश्व रिकॉर्ड सम्मान प्राप्त करना उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने पिता सतीश कुमार यादव, परिवार और शुभचिंतकों का आभार जताया, जिन्होंने हमेशा उनका समर्थन और हौसला बढ़ाया।

# गिरिराज धाम गोवर्धन पहुंचे संत प्रेमानंद महाराज, परिक्रमा मार्ग में उमड़ा भक्तों का सैलाब

वेलकम इंडिया



मथुरा/गोवर्धन। मोक्षदा एकादशी के शुभ दिन पर सोमवार को पूज्य संत प्रेमानंद महाराज गिरिराज महाराज की शरण में पहुंचे। राधाकुंड स्थित छटीकरा तिराहे से उन्होंने परिक्रमा प्रारंभ की। उनकी एक झलक पाने को भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा, पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। परिक्रमा के दौरान महाराजजी दसविसा स्थित मानसी गंगा मुकुट मुखारबिंद मंदिर पहुंचे, जहां गिरिराज महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर में सेवायतों ने विधिविधान के साथ पूजा संपन्न कराई। इसके बाद गिरिराज दानघाटी मंदिर पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहले से मौजूद थी। दानघाटी मंदिर में गिरिराज महाराज का पंचामृत सामग्री से दुग्धाभिषेक किया गया। इस पावन अनुष्ठान में सेवायतों ने महाराज का पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक प्रक्रिया कराई। पूरे परिक्रमा क्षेत्र में भक्तिरस से भरा माहौल रहा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने महाराज का स्वागत किया और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मोक्षदा एकादशी के अवसर पर महाराज के आगमन से पूरे ब्रज क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। महाराज जी की परिक्रमा के दौरान थाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिसकार्मियों की तैनाती कर रखी थी। परिक्रमा के दौरान स्वयं थाना प्रभारी रवि त्यागी पुलिसबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए।

# श्रीमद् भगवद् गीता जयन्ती समारोह का हुआ समापन



वेलकम इंडिया

मथुरा। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति विद्वत समाज ब्रज मण्डल के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय भगवद् गीता जयन्ती समारोह के तृतीय समापन दिवस पर आचार्य नन्दकिशोर शास्त्री के आचार्यत्व व समिति संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज के निर्देशन व महंत जमुनादास के सानिध्य में सम्पन्न हुआ । श्री गणेश, नवग्रह, पंच ओंकार, षोडस मातृका पूजन के उपरान्त गीता के प्रति श्लोक पर आहुति दी गयी । विद्वानों व उपस्थितजनों ने महायज्ञ में आहुति दी। आरती व प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ। पंडित अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित इस महायज्ञ में प्रमुख रूप से समिति अध्यक्ष पंकज पंडित रामू बाबा, मुनमुन गोस्वामी बनवारी पण्डित, शम्भू बाबा पं.शशांक पाठक, मोहन बाबा, तरूण चोम्बाल, गोपाल शास्त्री आदि उपस्थित रहे ।

# अब बारात में लाइट नही उठाएंगे बाल श्रमिक अगर उल्लंघन किया तो सख़्त कार्यवाही होगी



वेलकम इंडिया

मथुरा। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा अपने कार्यालय में बाल श्रमिक अभियान के तहत बैण्ड, बाजा और रोड़ लाइट के मालिकों के साथ एक बैठक कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए किशोरों एवं बाल श्रमिकों से कार्य नही लेने की अपील है। अधिनियम के अन्तर्गत 14 वर्ष की आयु से कम वर्ष के बच्चे से कही भी कार्य नहीं करा सकते और खतरनाक प्रक्रिया में 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों से भी कार्य कराया जाना पूर्णतः निषेध किया गया है। 14 वर्ष से कम आयु के बाल श्रमिकों से काम कराने पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार रुपए 20 हजार से 50 हजार तक जुमार्ना एवं 06 माह से 02 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह के निर्देश पर 01 दिसम्बर 2025 से 15 दिसम्बर 2025 तक बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के अन्तर्गत जनपद को बाल श्रम से मुक्त करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# उ0प्र0 में 1 दिसम्बर से शुरू हुआ 'बिजली बिल राहत योजना'

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश में 1 दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' लागू हुआ है। यह योजना घरेलू (अधिकतम 2 किलोवाट) और वाणिज्यिक (अधिकतम 1 किलोवाट) उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना में पहली बार उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। इसके बाद जनवरी में 20 फीसदी और फरवरी में 15 फीसदी छूट मिलेगी। योजना का लाभ एक दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक उठा सकते हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिजली बिल राहत योजना में कभी बिल जमा न करने वाले, लम्बे समय से बिल नहीं जमा करने वाले और चोरी के प्रकरणों के समाधान वाले उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। योजना के तहत बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा होगी। बिजली चोरी से सम्बन्धित प्रकरणों में भी मुकदमों और एफआईआर के निस्तारण का मार्ग खुल जायेगा। उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण और भुगतान करेंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा औसत खपत के अनुसार स्वतः कम करने की सुविधा भी दी जायेगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उपभोक्ता से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क सुनिश्चित किया जायें। उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने कहा कि यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी मामलों के समाधान के लिए अत्यन्त लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज पूरी तरह माफ है और मूलधन में भी बड़ा लाभ मिल रहा है। इसलिए हर उपभोक्ता को योजना के लिए प्रेरित किया जाये। डॉ0 गोयल ने निर्देश दिये है कि उपभोक्ताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात, और मुनादी के माध्यम से बताया जाये। हर पात्र उपभोक्ता तक नोटिस, योजना-पम्पलेट और बकाया विवरण के तीन दस्तावेज पहुंचाये जायें। माइक्रो प्लान बनाकर कर्मचारी एवं फिनटेक एजेंसियों को घर-घर सम्पर्क हेतु लगाया जायें। वही जिन क्षेत्रों या गांवों में बकायेदारों की संख्या अधिक है, वहां विशेष कैम्प लगाया जाये और पूरे गांव को कवर किया जायें। बिजली चोरी मामलों में लोगों को बताया जाये कि यह योजना मुकदमे व एफआईआर समाप्त करने में मददगार है। योजना में छूट प्राप्त करने के लिए ६६६.४स्त्रस्न्रूह्ल.ङ्ग१ॅ वेबसाइट के माध्यम से अथवा किसी भी विभागीय खण्ड एवं उपखण्ड कार्यालय में जाकर पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान 2000 रुपये जमा करने होंगे। पंजीकरण कराते समय शेष बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने के लिए विकल्प उपलब्ध होंगे, जिसमें से उपभोक्ता द्वारा एक विकल्प का चयन किया जायेगा। चेकिंग संख्या एवं उपभोक्ता अकाउन्ट आईडी अंकित करने पर छूट सम्बन्धी सभी सूचना ऑनलाइन दिखेगी। योजना की जानकारी 1912 से भी ली जा सकती है।

## क्षेत्राधिकारी डिबाई द्वारा थाना नरौरा का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया

**नरौरा**/रामघाट/डिबाई/बुलंदशहर/ नरौरा सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डिबाई प्रखर पाण्डेय द्वारा थाना नरौरा का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार, मालखाना, मैस, कार्यालय आदि सहित आवासीय परिसर, बैरक का निरीक्षण किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना नरौरा को थाना परिसर में स्वच्छता बनाये रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने, अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने व सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस/चैकिंग करने आदि के सम्बन्ध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए गएतथा थाना नरौरा क्षेत्र के सम्भ्रात व्यक्तियों के साथ संवाद बैठक की गयी। क्षेत्राधिकारी द्वारा नरौरा कस्बा के मैन बाजार में पैदल गश्त कर जनसम्पर्क किया गया है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गंगा प्रसाद आर्य सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# कौसानी में निधि आपके निकट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**कौसानी,** उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्वतीय पर्यटन स्थल कौसानी में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा आयोजित निधि आपके निकट 2.0 जिला स्तरीय शिविर ने स्थानीय स्तर पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईपीएफ, पेंशन और संबंधित सेवाओं को सीधे लोगों तक पहुँचाकर शिकायतों के त्वरित समाधान और जागरूकता बढ़ाना था।शिविर में क्षेत्र के श्रमिकों, कर्मचारियों, नियोक्ताओं और पेंशनभोगियों ने भाग लिया और अपने भविष्य निधि खातों, दावों, ई-नामांकन तथा अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। ईपीएफओ के अधिकारियों ने मौके पर ही अनेक प्रकरणों का निस्तारण किया और जिन मामलों का समाधान तुरंत संभव नहीं था, उन्हें औपचारिक रूप से पंजीकृत कर प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि निधि आपके निकट 2.0 के माध्यम से ईपीएफओ हर महीने 27 तारीख के आसपास देश के सभी ज़िलों तक पहुँचने का प्रयास कर रहा है। उनका कहना था कि यह पहल केवल शिकायत निवारण मंच नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, डिजिटल सेवाओं के प्रशिक्षण और जिला प्रशासन के साथ समन्वय का भी महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है।

कौसानी जैसे पर्वतीय और पर्यटन क्षेत्र में इस शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों, होटल व पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कर्मचारियों और मजदूरों को विशेष राहत मिली। उन्हें अपने भविष्य निधि से संबंधित कार्यों के लिए दूर स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों में कमी आई तथा सरकार की जन-सेवा के प्रति विश्वसनीयता मजबूत हुई।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, कर्मचारी पंजीयन, नए मजदूर कानून, सहित अन्य जानकारियां प्रदान की गई।इस दौरान कानून प्रवर्तन अधिकारी आदित्य जोशी, समाजिक सुरक्षा सहायक अनुराग टम्टा, सहित श्रम निरीक्षक और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी मौजूद रहे।

## हापुड़ पुलिस की बड़ी सफलता



**हापुड़।** जनपद में अपराध पर प्रभावी रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हापुड़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है ।थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, नकदी, तथा दो अवैध चाकू भी बरामद किए हैं ।पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों अभियुक्त हाल ही में हुई लूट की वारदात में शामिल थे और गिरफ्तारी के बाद घटना का खुलासा संभव हो सका है। थाना पुलिस टीम की इस कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## पैदल गस्त अभियान

**राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से हापुड़ पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है ।निदेशों के अनुपालन में सभी थाना प्रभारियों ने मय पुलिस बल अपने–अपने क्षेत्रों के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# हापुड़ देहात थाना पुलिस का चेकिंग अभियान, थाना प्रभारी पटनीष कुमार यादव के नेतृत्व में वाहनों की सघन जांच



**राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़।** एसपी हापुड़ के निर्देशन में देहात थाना पुलिस द्वारा सोमवार को ततारपुर पुल के नीचे सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी पटनीष कुमार यादव के नेतृत्व में थाना पुलिस फोर्स ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चार पहिया व दो पहिया वाहनों की गहन जांच की ।चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों, दस्तावेजों और हेलमेट तथा सीट बेल्ट के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस टीम ने राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए सतर्कता बरतने के लिए जागरूक भी किया ।पुलिस का कहना है कि यह चेकिंग अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लग सके और कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

## रिजर्व पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय में यातायात माह का समापन किया गया

बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती पूर्णिमा सिंह द्वारा यातायात कार्यालय में ह्ययातायात माहह्व का समापन किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा, नियमों के पालन एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुईं। यातायात माह के दौरान पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई। लोगों को हेलमेट, सीटबेल्ट, गति नियन्त्रण, मोबाइल का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के प्रति जागरूक किया गया ।स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए ।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेतिया में धूमधाम से मनाया गया टीकाकरण उत्सव



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** तहसील व विकास खण्ड बांसी अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेतिया में सोमवार को अधीक्षक डॉ0 धर्मेन्द्र चौधरी द्वारा फीता काटकर टीकाकरण उत्सव का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 आबिदा, बीपीएम ओपी द्विवेदी, सुपरवाइजर वैभव श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला फार्मासिस्ट, प्रदीप, विनोद सहित पीएचसी चेतिया के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। इस अवसर पर अधीक्षक द्वारा ड्यू बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण उनकी ट्रैकिंग आदि पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। डॉ0 धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि पूरे दिसम्बर माह टीकाकरण उत्सव के रूप में मनाया जाना है, जिसमें छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग कर उनका शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है।

# सूटकेस में सड़ा-गला महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप, पुलिस ने जांच तेज की



**राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक किसान के गन्ने के खेत में सूटकेस के अंदर सड़ी-गली अवस्था में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। खेत में गन्ना छील रहे किसानों ने सूटकेस देखकर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी ।सूचना मिलते ही हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि कस्तला कासमबाद निवासी किसान योगेंद्र के खेत में संदिग्ध सूटकेस मिला था, जिसमें महिला का शव अत्यंत क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। कपड़ों के आधार पर शव महिला का होना प्रतीत हो रहा है ।फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं ।पुलिस अधीक्षक ने मामले के खुलासे हेतु एक विशेष टीम गठित की है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही सूटकेस में मिले महिला के शव की हत्या का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया जाएगा ।क्षेत्र में इस घटना को लेकर दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

## विद्युत उपभोक्ता बिजली बिल राहत योजना का लाभ उठाएं: राहुल रत्न बोधी



**रामघाट/बुलंदशहर/** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्युत बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिल राहत योजना चलाने की घोषणा की है जिससे विद्युत उपभोक्ता आसानी से बिल जमा कर सकेंगे इस संबंध में डिबाई के विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता राहुल रतन बोधी ने दैनिक जन सागर टुडे के पत्रकार जेपी गौतम से विषेष वार्ता करते हुए बताया है कि बिजली बिल राहत योजना 2025 के संबंध में डिबाई क्षेत्र के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराते हुए बताया कि दिनांक 1 दिसंबर 2025 से घरेलू कनेक्शन 2 किलोवाट भार तक एवं कमर्शियल कनेक्शन 1 किलोवाट भार तक के उपभोक्ताओं हेतु लागू है। योजना की विशेषताएं इस प्रकार है कि सभी उपभोक्ताओं के लिए ब्याज में 100% छूट के साथ ही मूलधन में पहली बार 25% छूट है इसके साथ ही ऐसे उपभोक्ता जिनकी विद्युत चोरी के प्रकरण में राजस्व निर्धारण हुआ है उनके लिए भी 50% की छूट लागू है।

## डीएम विधायक और दर्जा मंत्री के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के कर्मचारियों के छः दिन तक क्रमिक अनशन के बाद सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा कर्मचारियों की सुध ली गई ।आंदोलन को क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने पहले दिन से ही कर्मियों के साथ डटकर उन्हें समर्थन दिया और कम्पनी प्रबंधन पर सवालिया निशान उठाते हुए कम्पनी के एमडी पर वेतन सहित अन्य देयकों के भुकतान में दोहरी नीति अपनाने, और अपने चहेतों को ही सहयोग देने के आरोप लगाते हुए मामले में सभी कर्मिको को समान आधार पर वेतन दिए जाने की बात कही ।वही स्थानीय विधायक पार्वती दास द्वारा मुख्यमंत्री से पत्राचार द्वारा समाधान विषयक पत्र देने, और कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट के द्वारा कंपनी के एमडी से वार्ता के बाद आंदोलित कर्मियों को सभी देयकों का भुगतान एक महीने के भीतर करने का आश्वासन फैक्ट्री प्रबंधन ने दिया।

# एसआईआर समीक्षा बैठक में शामिल हुए सपा नेता आशुतोष शर्मा, हर बूथ पर वोट बचाने का लिया संकल्प

**राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक राष्ट्रीय सचिव आकि ल मुर्तजा के नेतृत्व और सपा हापुड़ जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ समाजवादी नेता, पूर्व राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा एवं विधानसभा से टिकट के दावेदार आशुतोष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे ।समीक्षा बैठक में हापुड़ प्रभारी आकि ल मुर्तजा ने गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के सभी 370 बूथों की विस्तृत रिपोर्ट ली। आशुतोष शर्मा ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से लोगों की वोट को सुरक्षित रखने और विशेष गहन पुनरीक्षण में सहयोग देने का कार्य कर रहे हैं ।बैठक में सभी जोन प्रभारी और सेक्टर प्रभारियों को बुलाया गया था, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रभारी को सौंपी। साथ ही समाजवादी पार्टी की टीमें अलग-अलग गांवों में जाकर जागरूकता अभियान और रैलियों के माध्यम से लोगों को वोट के अधिकार के प्रति जागरूक कर रही हैं ।आशुतोष शर्मा ने कहा कि भारत में जनता का वोट अधिकार ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे भविष्य का निर्माण होता है, लोकतंत्र मजबूत होता है और विकास को दिशा मिलती है। इसी वोट के अधिकार से जनता प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक अपनी पसंद की सरकार चुनती है ।उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा पहले 4 दिसंबर तक निर्धारित विशेष पुनरीक्षण की तिथि को बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया गया है, जिससे अधिक लोग लाभान्वित होंगे और अपने फॉर्म जमा कर सकेंगे ।आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे ताकि हर व्यक्ति की वोट सुरक्षित रह सके ।समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से आनंद गुर्जर, आशुतोष शर्मा, रिजवान चौधरी, नैना सिंह गुर्जर, सुधीर चौहान, अख्तर मालिक, अंकित भड़ाना, मोहित नगर, उस्मान चौधरी, फारुकी, साजिद चौधरी सहित सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचकल्याणक महा महोत्सव के संबंध में हुआ पत्रकार वार्ता का आयोजन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




मेरठ में सोमवार को कमला नगर जैन मंदिर दिल्ली रोड मेरठ में 5.12.2025 से 11.12.2025 तक संपन्न होने वाले श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के विषय में विस्तृत जानकारी देने हेतु एक पत्रकार वार्ता महामहोत्सव चेयरमैन वीरेंद्र कुमार जैन एवं प्रदीप कुमार जैन दीपक जैन ऋषभ जैन अजय जैन संजय जैन कलश अभिनव जैन एवं मीडिया प्रभारी संजीव जैन के संयोजन में आयोजित की गई। वीरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रांति धरा मेरठ में यह पंचकल्याणक महामहोत्सव परम पूज्य वाचना प्रमुख वात्सल्य मूर्ति हर्षमनः उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी मुनिराज के सानिध्य में पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नए आयाम स्थापित करने जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक साधु सेवा समिति कमला नगर के सभी सदस्य तन मन धन से दिन-रात आयोजन को अभूतपूर्व, मनोहरी, जनकल्याणकारी बनाने में लगे हुए हैं। मुख्य संयोजक अजय जैन ने बताया 5 दिसंबर को कपिल देव अग्रवाल (राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) एवं 6 दिसंबर को राकेश कुमार जैन (अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) साथ ही हमारे अपने उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी इस महामहोत्सव में सहभागिता करने वाले हैं। मंदिर पुणयार्जक प्रदीप जैन दीपक जैन ने बताया कि उनकी बहुत लंबे समय से यह इच्छा थी कि वह किसी श्री जिन मंदिर जी का निर्माण करा सके जो अब सूर्या पैलेस श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर के रूप में पूरी होने जा रही है। दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में अयोध्या नगरी का निर्माण कार्य बहुत जोर-शोर से चल रहा है यह जल्द ही पूर्ण होने वाला है संजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुभारती मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों के सानिध्य में एक प्राथमिक चिकित्सा कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार रहेगी 5 दिसंबर को विशाल घट यात्रा प्रातः 8:30 बजे कमला नगर मंदिर से प्रारंभ होकर उसी दिन शाम को 8:0 0 बजे प्रसिद्ध गायक मयूर जैन इंदौर द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा 6 दिसंबर को अभिषेक शांति धारा उपाध्याय श्री का प्रवचन तथा गर्भ कल्याणक की पूर्व क्रियाएं होगी 7 दिसंबर को गर्भ कल्याण की उत्तर क्रियाएं गोद भराई रात्रि में महाराज नाभी राय का दरबार लगेगा 8 दिसंबर को जन्म कल्याणक महोत्सव भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण क बधाइयां एवं जन्मोत्सव का विशाल जुलूस यह जुलूस रामलीला मैदान दिल्ली रोड से प्रारंभ होकर मेट्रो प्लाजा गौशाला रोड झंडेवाला चौक शारदा रोड होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी 9 दिसंबर को तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा इसमें आदि कुमार का राज्याभिषेक असी मसीह कृषि एवं शिल्प विद्या का ज्ञान देना वैराग्य नीलांजना नृत्य भारत बाहुबली को राज देना दीक्षा विधि दीक्षा संस्कार तथा रात्रि में 8:00 बजे रूपेश जैन भजन सम्राट द्वारा भजन संध्या 10 दिसंबर को ज्ञान कल्याणक महोत्सव आदि मुनिराज का प्रथम आहार समवशरण रचना समवशरण मैं महाराज श्री का उद्बोधन होगा पात्रों का सम्मान 11 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक भगवान को निर्वाण प्राप्ति कल्याण पूजा श्रीजी रथ यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर सूर्य प्लेस मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी नवीन बेदी में जिन बिम्ब की स्थापना होगी।

# एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा तीन तलाक केस प्रक्रिया का मंचन किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन, मोदीनगर द्वारा आयोजित मूट कोर्ट (वकालत प्रैक्टिस केस का नाम- सायाबानो बनाम भारत संघ-2019 वाद पर चर्चा की गयी। तीन तलाक केस प्रक्रिया का सफलतापूर्वक मंचन किया गया। कार्यक्रम में 150, से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के कानून एवंम अधिकार हेतू जागरूकता बढ़ाना और उनकी विश्लेषणात्मक क्षमताओं को निखारना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू शिवाच विधायक, मोदीनगर उपस्थित थीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान की प्रबंध कमेटी से चेयरमैन अजय ग्रोवर, अभिषेक राय, दवेन्द्र ढींगरा, श्रीमती श्रुति राय उपस्थित थे। इस आर्दश कन्या गर्ल्स इण्टर कालेज, मोदीनगर की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवाली बंसल, श्रीमती स्वेता सिंह एंव शिक्षिकाऐं व छात्राऐं उपस्थित थी। कार्यक्रम में न केवल छात्रों को अपनी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें टीम वर्क और त्वरित सोच के महत्व को भी समझाया।प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ सवालों के जवाब दिए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत रोमांचक हो गया।

## छोटा हाथी बना आग का गोला चालक ने कुदकर बचाई जान

**जनपद बिजनौर मडावर।** समान भर कर ला रहे छोटे हाथी मै अचानक से आग लग गई चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

सोमवार की दोपहर को चालक नीमी अहमद कस्बा मंडावर निवासी अपने छोटे हाथी में पुट्टी के कट्टे भर कर लेकर आ रहा था। जैसी वह मंडावर गैस एजेंसी के सामने पहुंचा तो अचानक छोटा हाथी में आग लग गई। आग लगती देख आसपास के दुकानदारों में अपरा तफरी मच गई। किसी तरह चालक ने छोटा हाथी में से कूद कर अपनी जान बचाई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ओर पूरा वाहन जल गया। चालक नीमी अहमद ने समय रहते कूद कर अपनी जान बचाई। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

## साहित्य मंच की मासिक कवि गोष्ठी संपन्न, कवियों काव्य पाठ कर किया सबको भाव विभोर

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** साहित्य मंच मोदीनगर की मासिक कवि गोष्ठी संपन्न हुई। जिसमें कवियों ने अपना काव्य पाठ कर सबको भाव विभोर कर दिया।मासिक कवि गोष्ठी प्रदीप भारद्वाज महामंत्री साहित्य मंच मोदीनगर की कवि-कुटिया बाग कालोनी तिबड़ा रोड पर आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कवि जय भगवान गोयल व संचालन प्रदीप भारद्वाज ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ कवि देवीशरण पश्यक की सरस्वती वंदना से हुआ। गोष्ठी श्री राम मंदिर ध्वजारोहण, गीता जयंती व वन्देमातरम गीत को समर्पित रही। गोष्ठी में कवि प्रदीप भारद्वाज ने कुछ अज्ञानी जेहादियों द्वारा वन्देमातरम गीत की गरिमा पर अपमानजनक टिप्पणी पर घोर निन्दा की; और अपनी रचना द्वारा सशक्त उत्तर देते हुए समझाया कि भारत में वंदे मातरम गीत की गरिमा क्या है ? प्रदीप भारद्वाज कवि ने गोष्ठी में ऊर्जा भरते हुए ओजस्वी रचना घोष करते हुए पढ़ा- स्वतंत्रता का उपनिषद, वीरों की गीता है।हर भारतीय ही जिसे, गा गा के जीता है। वेदों सा है उद्घोष, ये पावन पुराण है।दुर्गा सी आदि शक्ति का देवी पुराण है। शौर्य मातृभूमि का जग को सुनायेंगे। हम गीत वन्देमातरम का का गाते जायेंगे। फांसी भी चढ़ेंगे - गोली भी खायेंगे। पर गीत वन्देमातरम का गाते जायेंगे। कवि देवीशरण पश्यक ने अपनी उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करते हूए कहा कि मंजिलें खुद ही निकटतम हो गईं।जब आदमी आस्था लेकर चला। इनकी इस रचना को भरपूर तालियॉ मिली।अपनी उत्कृष्ट रचना, कवि डॉ. हरिदत्त गौतम 'अमर' कवि, जय भगवान गोयल ने काव्य पाठ कर सबको भाव विभोर कर दिया। गोष्ठी के समापन पर आयोजक प्रदीप भारद्वाज ने सभी आगन्तुक रचनाकारों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## मुरादनगर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मुरादनगर स्थित के.एन. इंटर कालेज परिसर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौजन्य से आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान श्री आशुतोष महाराज की शिष्या एवं भागवताचार्या साध्वी पदमहस्ता भारती ने श्रीमद् भागवत कथा को महापुराणों एवं वेदों का सार बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव तक पहुंचता रहा है।श्रीमद् भागवत कथा की महिमा प्रतिपादित करते हुए साध्वी पदमहस्ता ने कहा कि यह कथा देवताओं के लिए भी दुलर्भ है, अतः राजा परीक्षित ने स्वणार्मृत के बजाय कथा अमृत की ही मांग की थी, क्योंकि कथामृत का रसपान करने से जीवात्माओं के सभी पापों का विनाश हो जाता है और उनकी सद्गति होती है।ह्यवृंदावनह्ल (मथुरा) की सरल व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने इसे नेक इंसानों का मन बताया। स्वामी नरेश नंद जी महाराज से सारगर्मित व तथ्यात्मक विचार रखे।

इस अवसर पर आदित्यानंद जी महाराज साध्वी, श्वेता भारती, वसुधा भारती, ज्योति भारती, हेमा भारती, वंदना भारती, योगेश भारती, संजीव त्यागी, सुखवीर त्यागी, मयंक कौशिक सहित अन्य श्रद्धालु श्रोता समुदाय मौजूद था।

# चिकित्सक महासम्मेलन एवं चिकित्सक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन ने एम एम डिग्री कॉलेज सभागार में किया चिकित्सक महासम्मेलन एवं चिकित्सक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर एसोसिएशन ने भारत के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से पहुंचे कोरोना में एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 101 चिकित्सकों को नेशनल भारत गौरव हैल्थ अवॉर्ड 2025 का मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर एवं बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को इस अवसर पर मोदीनगर जिला गाजियाबाद के साथ साथ संपूर्ण भारत से पधारे सैकड़ों चिकित्सकों के साथ-साथ सैकड़ों अतिथि गण उपस्थित हुए। इस अवसर पर के ऐन मोदी यूनिवर्सिटी ऐन सी आर के वाइस चांसलर डॉ पी ऐन ऋषिकेश एवं संतोष हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज की जनरल मैनेजर डॉ स्वेता चौधरी एवं मेट्रो हॉस्पिटल हरिद्वार के हेड डॉ अरशद इकबाल द्वारा उपस्थित रहे तथा इन सभी के द्वारा विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्र से पधारे चिकित्सकों को अवार्ड के साथ साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया इस कार्यक्रम के आयोजक एवं एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ एस के शर्मा ने संगठन के कार्यो तथा उद्देश्यों से अवगत कराया। भारत में छोटे बड़े चिकित्सकों एवं भ्रूण हत्या एवं जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता पर काम कर रही प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन (पीसीएमए ) मजबूती के साथ चिकित्सकों की हर समस्याओं के साथ खड़ा है। इस अवसर पर मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के पूर्व विभाग अध्यक्ष सर्जरी डॉक्टर संजीव कुमार, विधायक डॉ मंजू सिवाच, गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व अध्यक्ष रामआश्रय शर्मा ने कहा कि देश में चिकित्सकों को और मजबूत बनाने के लिए हम सबको आगे आना चाहिए। मंच का संचालन शिक्षा विद तथा छाया पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर अरुण त्यागी तथा समाजसेवी रूपचंद शर्मा ने किया। डॉ नानक चन्द्र ने ,संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ आर के शर्मा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर जमील खान संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख सचिव डॉ जुबेर त्यागी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ आर के वर्मा था प्रदेश अध्यक्ष डॉ रतन सिंह यादव तथा जिला अध्यक्ष डॉक्टर सूरज नायक ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख भोजपुरी सुचेता सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता पवन सिंघल वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र त्यागी पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति अध्यक्षता पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राम किशोर अग्रवाल, मुन्नू अग्रवाल, व्यापारी नेता महेश, आशीष चौधरी, सभासद सुबह सिंह, सभासद बबलू कौशिक, पूर्व सभासद दीपक वत्स दूधेश्वर नाथ मंदिर से महंत रमेश गिरी जी महंत नारायण गिरी उपस्थित रहे।

## तीन सप्ताह से लापता कामगार का झाड़ियों में कंकाल मिला

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** हापुड़ रोड पर बंद पड़ी मोदीपोन फैक्ट्री में झाड़ियों के बीच सोमवार दोपहर कामगार का कंकाल मिला। कामगार 12 नवंबर से लापता था। कपड़ों से उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने संदेह के आधार पर कामगार के साथी को हिरासत में लिया, जिसकी निशानदेही पर शव बरामद हुआ। वहीं, अंदेशा है कि साथी ने ही हत्या की है। मौके पर पहुंचीं फोरेसिंक टीम ने जरूरी साक्ष्य जुटाए। शव की डीएनए जांच कराने की पुलिस तैयारी में है। पुलिस जल्द घटना का पदार्फाश कर सकती है। गदाना गांव के 38 वर्षीय अनिल कुमार कामगार थे। पत्नी कविता व तीन बच्चों के साथ रहते थे। 12 नवंबर की सुबह काम पर जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रात तक भी नहीं लौटे। परिजनों ने हर जगह पता किया लेकिन, सुराग नहीं लगने पर 13 नवंबर को अनिल के भाई राजू ने थाने में तहरीर दी। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तभी से अनिल की तलाश में जुटी थी।पुलिस ने मुनेअुल इनपुट पर काम करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया।

## भृगेंद्र प्रताप सिंह को शानदार बॉलिंग के लिए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने दिया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार



**वाराणसी :-** मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी आशीष जैन के निर्देशन में एवं मंडल कीड़ा अधिकारी बालेन्द्र पॉल के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे लहरतारा स्थित रेलवे स्टेडियम में चल रही वाराणसी मंडल की अंतर विभागीय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का चौथा लीग मैच एक दिसम्बर सोमवार को कार्मिक विभाग और विद्युत लोको शेड के बीच खेला गया कार्मिक विभाग ने टॉस जीतकर पहले विद्युत लोको शेड को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया विद्युत लोको शेड की पूरी टीम 15.2 ओवर में 105 रन बनाकर आउट हो गई विद्युत लोको शेड की तरफ से अतुल ने 22 बांल पर तीन चौके की मदद से 23 रन और संतोष ने 27 बाल पर चार चौके की मदद से 24 रन बनाए। कार्मिक विभाग की तरफ से भृगेन्द्र प्रताप सिंह ने शानदार बोलिंग करते हुए चार ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट लिए, राहुल और अमित को दो–दो तथा अनिल को एक विकेट प्राप्त हुआ 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करती हुई कार्मिक विभाग की टीम ने 17.1 ओवर में 3 विकेट पर 106 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीतकर पूरे दो अंक प्राप्त कर लिया कार्मिक विभाग की तरफ से राहुल भट्ट ने शानदार बैटिंग करते हुए 36 बाल पर दो चौके और दो छक्के की मदद से 40 रन, अनिल श्रीवास्तव ने 35 बाल पर दो चौके की मदद से 25 रन तथा सीनियर डीपीओ अभिनव सिंह ने 7 बाल पर एक छक्के की मदद से 11 रन बनाए।

## थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी पुलिस ने चोरी की मोबाइल के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशान्त वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुँवर प्रभात सिंह के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मो व सरकुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों, वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के निर्देशन में उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी जीआरपी माधो सिंह कांस्टेबल संजय सिंह यादव थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी व आरपीएफ के हेड कांस्टेबल संजय यादव तथा आरपीएफ सीआईबी के कांस्टेबल सतीश यादव के साथ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वाछिंत वारण्टी के दौरान 30 नवम्बर 2025 को प्लेटफार्म नम्बर एक काशी छोर नाम पट्टिका के पास बने सीमेन्ट के बेंच के पास से एक नफर अभियुक्त जमाल अहमद पुत्र मुन्ना निवासी दुलहीपुर प्लाट शैलपुत्री पोखरी थाना मुगलसराय जिला चन्दौली उम्र 36 वर्ष को मय एक अदद मोबाइल फोन रेडमी कम्पनी नीला आसमानी रंग, टच स्क्रीन कटएक ठड 867427056060954(2)867427 056060962 सम्बन्धित मु0अ0सं0 269/25 धारा 305/317(2) बीएनएस के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया जिसे गिरफ्तार करने वाली टीम के द्वारा थाना हाजा पर लाकर अग्रिम कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम में रजोल नागर प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, कांस्टेबल संजय सिंह यादव थाना जीआरपी कैण्ट, हेड कांस्टेबल संजय यादव आरपीएफ पोस्ट बीएसबी, कांस्टेबल सतीश यादव आरपीएफ सीआइबी बीएसबी की पुलिस टीम शामिल रहीं।

# बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन हुआ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर मंडावर।** बिजनौर मार्ग पर स्थित बंधन बैंकट हॉल में शनिवार की देर शाम मशहूर बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई नामचीन शायरों ने शिरकत की।कार्यक्रम का संचालन फाकिर अदीब व हाफिज इताअत ने किया। बिजनौर शहर की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. निरुपमा चौधरी ने शमा रोशन कर नशिस्त का आगाज किया। सहर नसीम ने अल्लामा इकबाल की मशहूर नज्म 'लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी' प्रस्तुत की।इसके बाद विभिन्न शहरों से आए मशहूर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इनमें हसन काजमी (लखनऊ), खुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम शाद देवबंदी, सुधीर तन्हा, जमाल फहमी, डॉ. निरुपमा चौधरी, निकहत अमरोहवी, बदरुद्दीन जिया और नफीस अंजुम शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम एडवोकेट, काजी अकील अहमद, मंडावर नगर पंचायत अध्यक्ष आसिफ शान, गिजाल मेंहदी, हाजी अब्दुल कादिर, काजी जमाल नासिर, डॉक्टर निष्मा, डॉक्टर आयशा, डॉक्टर मुजम्मिल, जाहिदा जमन, शिरीन तलअत, हाजी आदिल इंजीनियर जुहैब, डॉ. शोएब, एडवोकेट शादाब जमन, नसीम अहमद, खुर्रम अहमद, एडवोकेट फराज हैदर जैदी, कमल खान और शाहनवाज, आरिफ हुसैन, आसिफ उस्मान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजद रहे।

## नजीबाबाद क्षेत्र के तहसील ग्राम धनसिनी में फिर पकड़ा गया एक खूंखार गुलदार का बच्चा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद के तहसील ग्राम धनसिनी में कुछ दिनों से देखे जा रहे लगातार गुलदार आतंक वन विभाग की टीम को सूचना देकर लगाई पिंजरे जहां पर आज सुबह दिनांक 1-12-2025 को लगभग 7 से 8:00 बजे का समय था जब किसान सीताराम और मास्टर रघुवीर सिंह अपने खेतों पर घूमने गए जहां पर किसानों ने अपने खेत पर लगे पिंजरे में कैद गुलदार के बच्चे को देखा जो दोनों के खेत के पास में खेत पर पिंजरा लगाया गया था खेत पर लगे पिंजरे में कैद गुलदार को देखकर गांव में हड़कंप मच गया गुलदार के बच्चे को पिंजरे में कैद देखकर गांव के लोगों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे श्री राम कुमार रेंजर जी और परशुराम दरोगा जी हर गोविंद सिंह डिप्टी रेंजर जी मौके पर पहुंचे और गुलदार को ले गए जिला बिजनौर में 102 से अधिक गुलदार पकड़े गए गांव वासियों का कहना है अभी और गुलदार देखे जा रहे हैं गांव वासियों ने कहा कि यह पर बड़े पिंजरे लगाया जाए पिछले महीने भी पकड़ा गया था।

# दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की कड़ी मांग- गोपाल राय

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व सलाहकार सदस्य रेल मंत्रालय भारत सरकार गोपाल राय के वाराणसी आगमन पर हाल ही में हुए दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की कड़ी मांग की है श्री राय ने कहा कि ऐसे आतंकवादी संगठनों से जुड़े अपराधियों को कठोरतम दंड मिलना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी देश विरोधी ताकत ऐसी घिनौनी हरकत करने की हिम्मत न करें वाराणसी में रेलवे स्टेशन के निरिक्षण के दौरान मीडिया से बात करते हुए गोपाल राय ने ब्लास्ट की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह हमला किया गया उससे स्पष्ट होता है कि इन आपराधिक तत्वों का नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है गोपाल राय ने मांग की कि आतंकियों ने मानवता की हत्या की है ऐसे अपराधियों को फांसी जैसी कठोर सजा मिलनी चाहिए उन्होंने जोर देकर कहा कि इस गैंग का नेटवर्क देशव्यापी है और इन्हें जड़ से खत्म करना जरूरी है उन्होंने यह दावा भी किया है कि दिल्ली विस्फोट मामले में पकड़े गए आतंकियों की हिट लिस्ट में कई हिन्दूवादी नेता शामिल हैं और इस फेहरिस्त में उनका नाम भी है उन्होंने बताया कि खुफिया विभाग से उन्हें इस खतरे की जानकारी मिली है राय ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कहा कि दिल्ली ब्लास्ट से ठीक तीन दिन पहले उनके घर और आस-पास कुछ संदिग्ध लोगों ने रेकी की थी उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें पहले भी कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं जिसमें धमकी भरे पत्र और सोशल मीडिया संदेश शामिल हैं।

## रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने मिसिरपुर में केवीएन स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर का किया उद्घाटन

**(संतोष कुमार सिंह)**



वाराणसी (रोहनिया):- विधानसभा रोहनिया क्षेत्र के मिसिरपुर स्थित केवीएन स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने दीप प्रज्वलन कर किया मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहा कि इस केंद्र में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में उभड़ती प्रतिभाओं को प्रदर्शन हेतु मौका मिलेगा और अब ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को दूर नहीं जानी होगी केवीएन स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के प्रबंधक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मैने इसे स्पोर्ट्स क्लब के रूप में स्थापित किया है जिसमे मुख्य रूप से बैडमिंटन खेला जाएगा बैडमिंटन में चार इंटरनेशनल कोर्ट बनाए गए हैं इसमें नेशनल और इंटरनेशनल के खिलाड़ी प्रशिक्षण ले सकते हैं इसके साथ-साथ यहां आवासीय डॉरमेट्री एवं खाने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# शहर को स्वच्छ, सुंदर व आधुनिक स्वरूप देने के लिए निगम ने तेज किया सौंदर्यीकरण अभियान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शहर को स्वच्छ, सुंदर व आधुनिक स्वरूप देने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने सौंदर्यीकरण अभियान को तेज कर दिया है। महापौर सुनीता दयाल स्वयं इस अभियान की कमान संभाल रही हैं और लगातार शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महापौर ने शहर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और पूर्व में जारी निविदाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख चार चौराहों के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव पर तेजी से काम हो रहा है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि 20-20 फीट ऊंचाई वाले आकर्षक स्कल्पचरों के लिए स्थानों का चिन्हीकरण किया जा चुका है और अब इन्हें लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ये स्कल्पचर विभिन्न चौराहों और प्रमुख मार्गों पर शहर की नई पहचान बनेंगे। महापौर ने कहा कि गाजियाबाद को स्वच्छ, सुंदर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर बनाने के लिए नगर निगम की टीम पूरी गंभीरता और इच्छाशक्ति से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शहर में कई भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें सबसे अधिक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट एलिवेटिड गेट का है, जिसका नामकरण पूर्व में सदन में 'श्री राम सेतुज किया जा चुका है। यह गेट शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों को श्री राम मंदिर निर्माण की याद दिलाएगा और गाजियाबाद की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनेगा।

महापौर ने कहा कि शहर में बनने वाले सुंदर स्टैच्यू और भव्य गेट न केवल दृश्य सौंदर्य बढ़ाएंगे, बल्कि यह स्थानीय लोगों और बच्चों के लिए प्रेरणादायक भी होंगे। शहर का हर नागरिक एक स्वच्छ, हरा-भरा व आधुनिक गाजियाबाद देखना चाहता है, और नगर निगम इसी लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रहा है। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सौंदर्यीकरण से जुड़े सभी कार्य एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के सौंदर्यीकरण मॉडल से अन्य शहर भी प्रेरणा लेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रमुख स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां जाम की समस्या कम करने हेतु आवश्यक कट बनाए जाएंगे और साथ ही उस क्षेत्र की सुंदरता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग द्वारा सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट को और अधिक हरा-भरा बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। फूलों, पौधों और लैंडस्केपिंग के माध्यम से शहर को पर्यावरणीय रूप से भी मजबूत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर निगम के इस व्यापक सौंदर्यीकरण अभियान से शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे गाजियाबाद न सिर्फ एनसीआर बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी नई पहचान स्थापित करेगा।

# सीएम योगी आदित्यनाथ वेव सिटी में पहुंचे, बीजेपी नेता के बेटे के विवाह समारोह में दिया आशीर्वाद

इंद्रेश शर्मा,





**गाजियाबाद।** वेव सिटी स्थित वेदांता फार्म में बीते रविवार को हुए एक निजी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री यहाँ बीजेपी नेता सतेंद्र शिसोदिया के बेटे के विवाह समारोह में वरझवधु को आशीर्वाद देने पहुंचे।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रखी गई। कार्यक्रम स्थल वेदांता फार्म और आसपास के पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सुरक्षा व्यवस्था की कमान डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में थी, जबकि एसीपी प्रियाशी पाल ने अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहकर सभी इंतजामों की निगरानी की। पुलिस अधिकारियों ने ट्रैफिक प्रबंधन से लेकर वीवीआईपी मूवमेंट तक हर स्तर पर सावधानी बरती। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस की कई टीमें पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहीं, ताकि कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने विवाह समारोह में कुछ समय बिताया और परिवारजनों से मुलाकात कर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुआ।

# अब हर घर तक पहुँचेगी बैंकिंग सेवा: 45 ग्राम पंचायतों में बीसी सखी पदों पर आवेदन शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अब ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा और भी आसान और सुलभ होने जा रही है। बड़े हों या छोटे, गरीब, अशक्त या बीमार- अब बैंकिंग सेवाएं सीधे आपके द्वार तक पहुँचाने की तैयारी तेज हो गई है। इसी कड़ी में जनपद गाजियाबाद की 45 ग्राम पंचायतों में बीसी (बैंकिंग करेस्पोंडेंट) सखी के रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाओं को 15 दिसंबर 2025 तक आवेदन जमा करना होगा।

रिक्त ग्राम पंचायतों की सूची जनपद या विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। रोजगार उपायुक्त स्वतः ने बताया कि बीसी सखी वह महिला प्रतिनिधि होती है, जो माइक्रो एटीएम, हैंडहोल्ड डिवाइस और लैपटॉप जैसे उपकरणों के माध्यम से गांव-गांव जाकर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराती है। इस व्यवस्था से ग्रामीणों को बैंक तक बार-बार जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी तथा आर्थिक लेन-देन, खातों में जमा-निकासी, नए बैंक खाते खोलने जैसी सुविधाएं आसानी से घर के पास ही मिल सकेंगी। इससे समय, खर्च की बचत होगी और ग्रामीणों की आजीविका जीवन में भी तेजी आएगी। अधिकारी ने बताया कि बीसी सखी चयन के लिए महिला का स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है तथा वह किसी भी प्रकार की ऋण डिफाल्टर न हो। आवेदिका की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, जिसमें चयन वर्ष 30 जून को कट-ऑफ तिथि माना जाएगा। शैक्षणिक योग्यता के रूप में कम से कम 12वीं पास होना आवश्यक है। साथ ही आवेदिका को मोबाइल फोन व इंटरनेट उपयोग का आवश्यक ज्ञान होना चाहिए। चयनित बीसी सखी को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दिए जाने वाले 75,000 रुपये के सपोर्ट फंड को 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर लेने की सहमति देनी होगी। आवेदिका का उसी ग्राम पंचायत की निवासी होना अनिवार्य है। बीसी सखी के लिए आवेदन प्रक्रिया के संबंध में बताया गया कि इच्छुक महिला सदस्य अपने स्वयं सहायता समूह में आवेदन प्रस्तुत करेगी।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, शहर विधायक ने कई क्षेत्रों में किया व्यापक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल सुनिश्चित करने के लिए चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण (विशेष व्यापक संशोधन- एसआईआर) अभियान के तहत शहर विधायक माननीय संजीव शर्मा ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना, नए मतदाताओं का पंजीकरण करना तथा त्रुटियों को समय पर सुधारना है, ताकि विधानसभा क्षेत्र में एक भी पात्र मतदाता वंचित न रह जाए। रविवार को माननीय विधायक संजीव शर्मा जीकेजी अंतरराष्ट्रीय विद्यालय, विजयनगर पहुंचे, जहां उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगाए गए बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) के कार्यों की वास्तविक स्थिति का स्थलीय अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर विधायक ने तत्काल इस स्थिति की सूचना जिलाधिकारी को दी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो और समस्त प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़े। इसके बाद विधायक संजीव शर्मा ने क्रॉसिंग रिपब्लिक मंडल के जीएच-7 क्षेत्र में स्थित बूथ संख्या 29 से 45 तक का भी विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची अद्यतन, प्रपत्र 6, 7, 8 और 8-क के निस्तारण, घर-घर सत्यापन और नाम पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विधायक ने स्पष्ट कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है, इसलिए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में अवश्य जोड़ा जाए और जिन प्रविष्टियों में त्रुटियाँ हैं, उन्हें समय रहते सही किया जाए। शहर विधायक संजीव शर्मा के मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 56 के अंतर्गत सभी मंडलों में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता के साथ चल रहा है। सभी बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी और बीएलओ इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ संपादित कर रहे हैं।

# बच्चियों को दिया सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश



वेलकम इंडिया

**एनसीआर।** इनर व्हील क्लब नवीन ग्रेटर नोएडा ने 'ऑरेंज द वर्ल्ड अभियान के अंतर्गत महिला हिंसा उन्मूलन, सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को साईं अक्षरधाम विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मविश्वास से भरना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना और समाज में बढ़ती हिंसा के विरुद्ध साहसपूर्वक खड़े होने के लिए प्रेरित करना रहा। क्लब की अध्यक्ष अदिति भारद्वाज ने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में सकारात्मक बदलाव तभी आएगा जब हम सभी मिलकर बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण में योगदान देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि क्लब ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से नियमित रूप से सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने का काम करता है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 बच्चियों को गर्म मोजे, स्वेटर और पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर की खास बात यह रही कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश जी की धर्मपत्नी अंकीता सिंह ने स्वयं अपने हाथों से बच्चियों के लिए भोजन तैयार किया और स्नेहपूर्वक उन्हें वितरित किया।

# चोरी की बढ़ती वारदातें, सुदामापुरी कॉलोनी के बंद घर से आभूषण व कीमती सामान पार

**गाजियाबाद।** सर्दियों की दस्तक के साथ ही क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। ताजा वारदात सुदामापुरी कॉलोनी की है, जहाँ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान आसानी से उड़ा लिए। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश दोनों का माहौल है। पीड़ित परिवार के अनुसार वे कुछ ही घंटों के लिए घर से बाहर गए थे।

# जीडीए की सख्त कार्रवाई: अवैध कालोनियों पर चला जीडीए बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर में अवैध निर्माण और अनधिकृत कालोनियों के खिलाफ एक बार फिर सख्त कार्रवाई की। प्राधिकरण उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में सोमवार को एक व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य शहर के सुनियोजित विकास और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया। इस अभियान के तहत मेरठ रोड स्थित संस्कार वर्ल्ड स्कूल के निकट कालोनाइजर द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी पर बुलडोजर के माध्यम से सड़कों, चारदीवारी और अन्य संरचनाओं को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इसके साथ ही मोर्टी धर्म कांटा भी तोड़ दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ की गई जो अवैध रूप से भूखंडों का निर्माण और बिक्री कर रहे थे, और जिनके कारण क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन बढ़ रहा था। इसी क्रम में द्रोणाचार्य रोड पर लगभग तीन वर्षों से अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कालोनियों में पुनः निर्माण की शिकायत मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इन कालोनियों में खसरा संख्या 85 भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि यह क्षेत्र पिछले लंबे समय से अनधिकृत रूप से विकसित हो रहा था और नागरिकों की शिकायतों के आधार पर प्राधिकरण ने कार्रवाई सुनिश्चित की।

# उत्तर प्रदेश आईएमए की बागडोर संभालेंगे गाजियाबाद के डॉ. राजीव गोयल, आईएमए भवन में हुआ भव्य स्वागत

**गाजियाबाद।** भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) गाजियाबाद के वरिष्ठ व प्रसिद्ध सर्जन डॉ. राजीव गोयल ने उत्तर प्रदेश आईएमए के अध्यक्ष पद का कार्यभार 29-30 नवंबर 2025 को बरेली में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में विधिवत रूप से ग्रहण किया। उनके इस महत्वपूर्ण चयन के बाद आज आईएमए भवन गाजियाबाद में सोमवार को संगठन के सदस्यों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया।

# फ्लाईओवर हादसा, पिता की मौत और पुत्र गंभीर रूप से घायल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना सिहानी गेट क्षेत्र में सोमवार की सुबह हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। फ्लाईओवर से लगभग 50 फीट नीचे गिरने वाली कार में पिता-पुत्र सवार थे, जिसमें पिता राकेश शर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पुत्र बंटी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक राकेश शर्मा निवासी संजय नगर सेक्टर-23, थाना मधुबन बापूधाम के रूप में पहचाने गए। उनका बेटा बंटी गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती है और चिकित्सक उसकी निगरानी में हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज गति से चल रही थी और अचानक नियंत्रण खोने के कारण फ्लाईओवर की रेलिंग से टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन उछलते हुए नीचे सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को निकाल कर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने राकेश शर्मा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक हादसा तेज गति और फिसलन के कारण हुआ होगा। घटना स्थल पर ब्रेक मार्क्स नहीं मिले, जिससे संभावना जताई जा रही है कि वाहन अचानक डिवाइडर से टकराया।

# योगी सरकार गाजियाबाद हरंदीपुरम ड्रीम प्रोजेक्ट पर पांच गांवों की सुनो पुकार

इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट हरंदीपुरम इन दिनों गाज़ियाबाद में विकास की नई कहानी लिखने जा रहा है। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (ऋऊअ) द्वारा प्रस्तावित इस मेगा प्रोजेक्ट में प्रथम चरण में पाँच गांव–नगला फिरोज, मोहनपुर, चंपत नगर, शमशेरगढ़ और भनेड़ा–की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। द्वितीय चरम में 3 गांव अधिग्रहण किए जायेंगे। लेकिन विकास की इस दौड़ के बीच गांवों की आवाज भी बुलंद होती जा रही है–मुआवजा पॉलिसी एक समान हो, सबको बराबर दर मिले। गाजियाबाद के हरनंदीपुरम योजना के आने वाले गांवों के किसानों ने कहा कि गांव के लोग अपनी जमीन देकर शहर के विस्तार में योगदान तो देना चाहते हैं, लेकिन उनका कहना है कि अधिग्रहण मुआवजा दरें स्पष्ट, न्यायसंगत और एक समान होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही प्रोजेक्ट के लिए अलग-अलग गांवों में मुआवजे की दर अलग नहीं होनी चाहिए। जिन किसानों की जमीन मुख्य सड़क या विकसित इलाके के पास है, उन्हें कम दर पर भुगतान मिल रहा है,

जबकि दूसरी तरफ के गांवों को अलग रेट्स बताए जा रहे हैं। एक किसान की बात में दर्द साफ झलका उन्होंने रोए स्वर में कहा हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन हमें भी हमारी जमीन का सही मूल्य मिलना चाहिए। एक ही प्रोजेक्ट है, तो मुआवजा भी एक जैसा होना चाहिए।

## ग्रामीणों की मांगें

- गांवों की संयुक्त समिति ने निम्न मांगें रखी हैं
- हर गांव के लिए भूमि का एक समान रेट घोषित किया जाए
- वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप उचित अधिग्रहण मुआवजा दिया जाए
- विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास नीति में सुधार किया जाए
- हर प्रभावित गांव में ऋऊअ द्वारा जन–सुनवाई कर स्पष्ट जानकारी साझा की जाए
- मुआवजा भुगतान की समयसीमा तय की जाए

## क्यों जरूरी है एक समान मुआवजा नीति

- भरोसा कायम होता है ग्रामीणों में असमानता की भावना समाप्त होती है।
- विवाद कम होते हैं अधिग्रहण प्रक्रिया सरल और तेजी से पूरी होती है।
- कानूनी बाधाएँ घटती हैं झ कोर्ट में जाने की नौबत कम पड़ती है।
- प्रोजेक्ट डेडलाइन प्रभावित नहीं होती काम समय पर पूरा किया जा सकता है।
- सरकार की छवि मजबूत होती है समान विकास का संदेश जाता है।